# राजधानी रांची के स्मार्ट सिटी में बनेंगे 16 हजार फ्लैट, आम से लेकर खास सभी रहेंगे

## नयी हाउसिंग कॉलोनी बनाने को लेकर नगर विकास विभाग ने तैयार की कार्ययोजना

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा में बन रहे स्मार्ट सिटी में अमीरों के साथ-साथ गरीबों का भी आशियाना रहेगा। इस दिशा में राज्य सरकार ने कदम बढ़ाते हुए धुर्वा में करीब 16 हजार फ्लैट बनाने का निर्णय लिया है। नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव पर हाउसिंग बोर्ड को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। विभाग ने नयी हाउसिंग कॉलोनी बनाने को लेकर कार्य योजना तैयार कर ली है। इस नयी हाउसिंग कॉलोनी में आर्थिक रूप से ध्यान में रखकर हर वर्ग के लोगों को समाहित करने की तैयारी की जा रही है।

धुर्वा में बन रहे स्मार्ट सिटी में मिडिल इनकम ग्रुप के साथ हाई इनकम ग्रुप और लो इनकम ग्रुप के भी आवास बनाये जायेंगे। फ्लैट तैयार होने के बाद इसका मूल्य निर्धारित कर बेचा जायेगा। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि आवासीय कॉलोनी में सभी तरह की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कॉलनी में पार्क, हेल्थ सेंटर के अलावा स्कूल, शॉपिंग कंपलेक्स आदि की सुविधा लोगों को मिलेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार होने के बाद विभाग के द्वारा टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है।

धुर्वा में एचईसी की जमीन पर करीब 88.99 एकड़ में बनने वाले इस हाउसिंग कॉलनी के लिए जमीन समतल करने का काम हो चुका है। विभाग का मानना है कि कार्य शुरू होने के पश्चात 18 महीने में करीब 16 हजार फ्लैट यहां बनेंगे। निजी कंट्रेक्टर के माध्यम से यहां हाउसिंग कॉलनी विकसित किया जायेगा। झारखंड राज्य आवास बोर्ड को सरकार की ओर से 306 एकड़ जमीन धुर्वा के आनी गांव में मिली है। जिसमें 88.99 एकड़ जमीन में बोर्ड के द्वारा बड़ी आवासीय कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की गई है। नगर विकास विभाग, हाउसिंग बोर्ड और जुडको कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखेगी। इस तरह से निर्धारित समय सीमा के अंदर अगर यह तैयार हो जाता है तो 2024 के अंत तक यह आवासीय कॉलनी तैयार हो जायेगा। इसी तरह का हाउसिंग कॉलनी देवघर में भी विकसित करने की तैयारी सरकार के द्वारा की गई है। जहां 58 एकड़ जमीन पर कॉलनी बनेगी।

जानकारी के मुताबिक फ्लैट और प्लॉट का आवंटन ऑनलाइन ऑक्शन और लाटरी के माध्यम से आने वाले समय में किया जाएगा। इसके लिए आवास बोर्ड, जुडको की सहायता से कॉलनी तैयार करने के बाद यह प्रक्रिया अपनाएगी। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार कॉलनी पूरी तरह से योजनाबद्ध रूप से विकसित किया जायेगा। राज्य गठन के बाद रांची और देवघर में पहला यह हाउसिंग कॉलनी होगा जो पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी।

# निलंबित आइएएस पूजा सिंघल पर 23 मार्च को होगा आरोप गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल गुरुवार को इडी कोर्ट में हाजिर हुईं। वही जेल में बंद पूजा सिंघल के पति के सीए सुमन कुमार, बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में हुई।

इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल, सुमन कुमार और शशि प्रकाश के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि निर्धारित की गई। इससे पूर्व 16 मार्च को पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई होनी है। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में ही आरोप गठित कर चुकी है। पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर है। गौरतलब हो कि सीए सुमन कुमार, राम विनोद सिन्हा और शशि प्रकाश वर्तमान में जेल में है। दोनों की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। उधर, प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में इन चारों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक की निकासी की गई है। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी एकत्रित की। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं। ईडी ने छह मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से इडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद मिले थे।

# 23 मार्च तक वीरेंद्र राम रहेंगे इडी रिमांड पर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी बिरसा मुंडा जेल से गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट के समक्ष हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 23 मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने वीरेंद्र राम को तीन अलग-अलग बार रिमांड पर लेकर उससे 12 दिनों तक पूछताछ की थी। इसके बाद 7 मार्च को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवास पर उसकी पेशी हुई थी जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। ईडी कोर्ट के न्यायाधीश पी के शर्मा की कोर्ट में वीरेंद्र राम की गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी हुई।

ईडी को वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए सबसे पहले 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को ईडी को सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। तीसरी बार तीन दिनों के लिए उसे रिमांड पर उसे ईडी को दिया गया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## इडी में पेश नहीं हुए जेल अधीक्षक हामिद अख्तर

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर एक बार फिर ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। उन्हें समन पर सात मार्च को ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए दूसरा समन भेजा था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। ईडी ने उन्हें पूर्व में भी एक बार समन भेजा था, लेकिन उन्होंने कहा था कि ईडी के अधिकार को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है और इस आधार पर वह ईडी के सामने उपस्थित नहीं हो सके थे। इन दो समन के पूर्व गत वर्ष पांच दिसंबर 2022 को वह ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ में शामिल हो चुके हैं। ईडी ने तब उनसे जेल का सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन उन्होंने नहीं दिया।

# भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय से की राजीव अरुण एक्का पर लगे आरोपों की जांच की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दफ्तर पहुंचा। क्षेत्रीय निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर बीजेपी ने सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का पर लगे आरोपों की जांच की मांग की। इसमें कहा गया है कि सीएम के पूर्व प्रधान सचिव भ्रष्ट्राचार में शामिल होकेर अकूत संपत्ति अर्जीत की है। इसकी जांच होनी चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रवक्ता सरोज सिंह, आईटी सेल के स्टेट कन्वीनर राहुल अवस्थी शामिल थे।

**बाबूलाल ने जारी किया था वीडियो :** बताते चलें कि 5 मार्च को 22-सेकंड की वीडियो क्लिप जारी करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राजीव अरूण एक्का पर व्यवसायी विशाल चौधरी के निजी कार्यालय में सरकारी फाइलों को निपटाने का आरोप लगाया था। भाजपा के आरोपों के कुछ घंटे बाद एक्का को राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद से हटाते हुए पंचायती राज विभाग में पंचायती राज विभाग में ट्रांसफर कर दिया था।

**गवर्नर से की है सीबीआइ जांच कराने की मांग :** इससे पहले 6 मार्च को भी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में भाजपा के 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की थी। नेताओं ने राज्यपाल से राजीव अरुण एक्का के विरुद्ध कार्रवाई करने और उनपर लगे आरोप की सीबीआइ जांच कराने का आग्रह किया था।

## तुपुदाना में तालाब में डूबने से जेवियर की छात्रा की मौत

**रांची।** गुरुवार को तुपुदाना थाना क्षेत्र के बल्यू पौंड्स में डूबने से संत जेवियर की छात्रा की मौत हो गई। वह बिहार के कहलगांव की रहनेवाली थी। 20 वर्षीय दीप्ति प्रकाश रांची के संत जेवियर कॉलेज में स्नातक की छात्रा था। गुरूवार की दोपहर तीन बजे के करीब अपने तीन सहेलियों व दो युवकों के साथ रिंग रोड स्थित बल्यू पौंड्स गई थी। पानी के सेल्फी लेने के दौरान उसका पांव फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। दीप्ति प्रकाश कांटाटोली में किराये के मकान में रहती थी। घटना की जानकारी तुपुदाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को खोजने का प्रयास किया, लेकिन शव नहीं मिला। शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम पहुंचेगी और शव को निकालने का प्रयास करेगी। इधर, पुलिस ने बिहार के कहलगांव में रह रहे उसके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

# पुलिस जवान ने की प्रेमिका के पति की हत्या, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची के लापुंग इलाके का मामला**

**रांची।** बुधवार को राजधानी रांची के लापुंग इलाके में प्रेम प्रसंग में पुलिस के जवान ने प्रेमिका के पति की हत्या कर दी। मृतक का नाम लेंदा मुंडा है और वह होटल संचालक बिरसा मुंडा के बड़ा भाई था। लेंदा मुंडा की पत्नी कंचन मुंडाईन और उसके प्रेमी पुलिस के जवान इलियाजर कुजूर ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है।

लेंदा मुंडा की पत्नी कंचन और पुलिस के जवान इलियाजर कुजूर के बीच प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। कंचन मुंडाईन ने अपने कथित प्रेमी इलियाजर कुजूर के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। हत्या की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस आरोपी जवान इलियाजर कुजूर और कंचन मुंडाईन को बचा रही है। मृतक के छोटे भाई बिरसा मुंडा ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने आरोपी पुलिस के जवान को बचाने के प्रयास में उसे मौके से गायब कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों ने कहा कि आरोपी पुलिस के जवान को ग्रामीणों के हवाले करें ताकि उसके खिलाफ ग्रामीण कार्रवाई कर सकें। ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामीण शव को उठाने नहीं दे रहे थे लेकिन पुलिस जबरन शव को उठाकर थाना ले आई। ग्रामीणों ने भारी हंगामा किया। वहीं पुलिस ने बताया कि आरोपी जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## कोलकाता बस में मिला कर्रा के युवक का शव

**रांची।** राजधानी रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में आज सुबह एक पैसेंजर का शव मिला है। मृतक व्यक्ति की पहचान रतन टोपनो के रूप में हुई है। मृतक व्यक्ति खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

## युवती की मौत मामले में झारखंड का युवक गिरफ्तार

**रांची।** दिल्ली के ग्रेटर नोएडा स्थित दनकौर थाना क्षेत्र से एक युवती के आठवीं मंजिल से कूदकर सुसाइड करने के मामले में झारखंड के आरोपी लाला कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। युवती के पिता ने बताया कि युवती अपने प्रेमी से मिलने के लिए एक निर्माणाधीन मकान में गई थी, जहां उसके पिता ने उसे आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पिता को देखने के बाद 20 वर्षीय युवती ने आठवीं मंजिल से छलांग लगा दी, जहां उसकी मौत हो गई। मौत के बाद मथुरा निवासी युवती के पिता ने थाने में शिकायत की थी।

# 15 दिनों के भीतर योग्य लाभुकों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से जोड़ें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सर्वजन पेंशन योजना का काम मिशन मोड में करें। कहा है कि सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम बनाकर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को योजना से जोड़ें। डीसी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आच्छादन प्रतिशत में 15 दिनों में सुधार कर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को लाभ सुनिश्ति कराने को कहा है। उन्होंने सभी पंचायतों में सैचुरेशन कैंप आयोजित करने को भी कहा है। डीसी गुरूवार को द्वारा जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पेंशन योजना से योग्य व्यक्तियों को जोड़ने की समीक्षा कर रहे थे।

डीसी सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी को पहले से प्राप्त आवेदन का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा। कहा कि शहरी क्षेत्र में अभी भी कई माइग्रेटेड लोग हैं जिन्हें चिन्हित कर योजना से आच्छादित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीसी ने ग्रामीण क्षेत्र में डोर टू डोर आवेदन लेने की प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि जिन पंचायत में सर्वजन पेंशन योजना के कम आवेदन आ रहे हैं, उनकी मैपिंग बीएलओ एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं। डीसी ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। सरकारी संस्था से सेवानिवृत्त और आयकर देने वाले व्यक्तियों को छोड़कर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ सुनिश्ति कराएं। डीसी ने बैठक वर्चुअल मोड में किया। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, रांची रवि शंकर मिश्रा, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## होली में अश्लील गाना बजाने पर दो गुटों में मारपीट, प्राथमिकी

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में होली के दौरान अश्लील गाना बजाने को लेकर दो गुटों मे हिंसक झड़प हो गई। दोनों पक्षों की ओर से सुखदेवनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसमें 18 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिक, अश्लील गाना और शराब पीने के विवाद के कारण दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि होली के दिन विद्यानगर के रहनेवाले धीरज कुमार और गोविंद के बीच मारपीट शुरू हुई। मारपीट की घटना स्थानीय लोगों ने कंट्रोल रूम को दी। पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचते ही दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के आवेदन को ले लिया गया है। मामले की छानबीन करने के बाद ही आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# कृष्णा यादव की आठवीं पुण्य स्मृति मनायी गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्व कृष्णा यादव की आठवीं पुण्य स्मृति बुधवार को मनायी गयी। उनके बड़े पुत्र विक्की यादव ने परिवार के सदस्यों के साथ पूजा पाठ कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि पिताजी हमारे आदर्श हमेशा रहेंग। उनके द्वारा किये हुए नेक कामों की वजह से लोग उन्हें आज भी याद करते हैं। उनकी कमी हमारी जीवन में हमेशा खलेगी। हम उनके दिखाये हुए राह पर कृष्णा इन ग्रुप को आगे बढ़ा रहे हैं और जहां तक मुमकिन हो सके, हम आम लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

कार्यक्रम के दौरान गरीब जरूरतमंदों के बीच खाने की सामग्री, मिठाई, रंग, अबीर आदि का भी वितरण किया गया। पुण्य स्मृति के मौके पर राहुल यादव, रोहित यादव, उत्तम यादव, विनोद पाठक, संतोष पाठक, अमित यादव और आरआर स्पोटिंग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक अधिकार कंवेंशन कल

**रांची।** अल्पसंख्यकों के शिक्षा, रोजगार, विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर एक राज्य स्तरीय कंवेंशन, रांची मे 11 मार्च को होगा। इस कंवेंशन में झारखंड के सभी जिलों से लोगों की भागीदारी होगी। कंवेंशन को विभिन्न पेशों से जुड़े बुद्धिजीवी यथा अवकाश प्राप्त न्यायाधीश, शिक्षाविद, लेखक, प्रोफेशनल्स, डाक्टर और अभियंता के अलावा वामदलों के नेता संबोधित करेंगे।

इसकी जानकारी गुरुवार को माकपा राज्य कार्यालय मे आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक अधिकार समन्वय समिति के संयोजक एडवोकेट एके रसीदी, सह संयोजक एम चौधरी और नदीम खान ने दी। प्रेस वार्ता में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त और माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव के अलावा अजय सिंह, सुखनाथ लोहरा, जयंत पांडे समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कंवेंशन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा।

# झारखंड बनता जा रहा है मासूमों का कत्लगाह!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मासूमों का कत्लगाह बन गया है। अक्सर झारखंड में कभी मासूम अपने दोस्तों का शिकार हो रहा है तो कहीं सुरक्षा की आस लगाए बैठे परिजन ही मासूमों को मौत दे रहे हैं। जब पुलिस पूरे मामले का खुलासा करती है तो पता चलता है कि मामूली विवाद के कारण ही बच्चे की हत्या कर दी। मासूमों की हत्या करनेवाले कुछ दरिंदों को पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे भेजा है।

**कब-कब हुआ मासूमों का कत्ल : 13 फरवरी, 2022 :** सिमडेगा पुलिस ने छह वर्षीय मासूम दुर्योधन दास की हत्या कर दी गई थी। दुर्योधन की हत्या जमीन के विवाद में की गई थी। कत्ल के बाद आरोपी ने बच्चे की लाश को नदी घाट के पास बालू के अंदर दबा दिया था। जानकारी के मुताबिक सिमडेगा सदर थानान्तर्गत तिर्रा भंडारटोली निवासी प्रीतम दास का छह वर्षीय बच्चा दुर्योधन दास गत 13 फरवरी को लापता हो गया था। पुलिस की जांच में पता चला कि घटना के दिन बच्चा खेलते-खेलते आरोपी के घर के पास चला गया था। आरोपी का बच्चे के पिता के साथ पारिवारिक जमीन विवाद चल रहा था। आरोपी के घर में एक बार आग लग गई थी। इसमें जमीन के कागजात सहित कई और दस्तावेज जल गए थे। आरोपी इस घटना के लिए बच्चे की पिता को दोषी मानता था। लिहाजा परिवार से बदला लेने के उद्देश्य से उसने बच्चे की गला दबा कर हत्या कर दी।

**15 जून, 2019 :** गुमला के जारी थाना क्षेत्र के जारी गांव में 12 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म व उसकी हत्या कर दी गई। बाद में बच्ची का शव घर से 500 मीटर दूर झाड़ी में मिला। 15 जून को मृतका के पड़ोस में शादी समारोह था। रात 12 बजे वह खाना खाकर बारात देखने लगी और कुछ देर बाद अपनी सहेलियों के साथ बगल के मेघनाथ सिंह के घर के बाहर सो गई। यहां से अज्ञात अपराधी उसे उठा कर ले गये जिसके बाद दुष्कर्म कर गाला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**दर्दनाक**

**29 अगस्त, 2022 :** झारखंड के दुमका में 17 साल की एक मासूम बेटी को जिंदा जला कर मार दिया गया। बता दें कि 23 अगस्त को शाहरुख ने एकतरफा प्यार में असफल होने पर अपने पड़ोसी संजीव सिंह की 17 वर्षीय बेटी अंकिता पर अलसुबह चार बजे खिड़की से पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी, जिसमें वह 90 प्रतिशत जल गयी थी। अंकिता खिड़की के नजदीक ही सो रही थी। पांच दिन तक वह जिंदगी व मौत से जंग लड़ती रही और आखिरकार रविवार को अंकिता की रांची स्थित रिम्स में मौत हो गई।

**25 दिसंबर, 2022 :** झारखंड के लोहरदगा जिले के बगडू थाना इलाके के आरिया आदिवासी टोला में एक शख्स द्वारा पांच साल की बच्ची के साथ पहले तो दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने मिलकर आरोपी 19 वर्षीय युवक की पिटाई कर दी और फिर उसे स्थानीय थाने बगडू थाने की पुलिस को सौंप दिया था। आरोपी की पहचान अरिया गांव के रहनेवाले इंदर उरांव के रूप में हुई।

**28 जनवरी, 2022 :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में 10-11 साल की उम्र वाले भाई-बहन की बेरहमी की हत्या कर दी गयी। दरिंदगी की हद तो यह कि हत्यारों ने दोनों बच्चों की एक-एक आंख भी निकाल ली थी। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के अंबाडीहा के मांझी टोला की है. बच्चों के पिता प्रेम मरांडी के बयान पर मामला दर्ज किया गया। पड़ोस में रहने वाला रिश्तेदार नेहरू मरांडी दोनों बच्चों को अपने साथ ले गया था।

**एक साल पूर्व** जमशेदपुर के पोटका थाना क्षेत्र के मतकमडीह में दूसरी पत्नी के कहने पर पति ने अपने पहली पत्नी के 7 वर्षीय पुत्र को बहला फुसलाकर जंगल में ले जा कर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को वहीं जंगल में छुपा दिया । बाद में दादा शंकर सोरेन ने हत्या का शक मार्शल और कर्मी पर लगाया।

**14 मार्च, 2021 :** झारखंड के देवघर जिले से 14 वर्षीय लड़के की उसके दोस्तों ने कथित तौर पर मारपीट के बाद गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके हाथ-पैर काट दिए और शव को बोरियों में भरकर जंगल में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी गांव में पीड़ित से उसके घर के बाहर मिला और कुमराबाद स्टेशन रोड गया। जहां उसका एक अन्य दोस्त 19 साल का मिला। उसने कहा कि तीनों पलंगा पहाड़ जंगल की ओर जा रहे थे, तभी अविनाश और मृतक के बीच कहासुनी हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद अविनाश ने कथित तौर पर एक चाकू निकाला और उसपर हमला कर दिया और फिर गला काट दिया। कथित रूप से हत्या करने के बाद अविनाश ने उसके हाथ-पैर काट दिए। शरीर के अंगों को तीन बोरियों में भरकर जंगल में फेंक दिया था।

# आदर्श गांव के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित करें : एनके शाह

## एसएजीवाई अंतर्गत राज्य में संचालित योजनाओं की केंद्रीय संयुक्त सचिन की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग सभागार में गुरुवार कों सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की गई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सांसद आदर्शा ग्राम योजना (एसएजीवाई) के संयुक्त सचिव नवीन कुमार शाह ने की। श्री शाह ने मौके पर अधिकारियों से कहा कि सभी आदर्श गांव के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित करें और उन्हें कृषि के आधुनिक माध्यमों के बारे में जानकारी दें। इससे किसानों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने चयनित ग्रामों के लिए विलेज एनुअल एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया। राज्य में चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य योजनाओं का रोडमैप तैयार किया जाये। श्री शाह ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 मार्च तक रांची, खूंटी एवं लोहरदगा सहित राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर ग्रामीण विकास योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित जिलों के उपायुक्तों, उप विकास आयुक्त के साथ टीम बैठक भी करेगी। साथ ही ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओं का निरीक्षण भी किया जाएगा। संयुक्त सचिव ने झाखंड में सांसद आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य सभी ग्रामीण विकास की योजनाओं की जानकारी ली और केंद्र सरकार के लक्षित मानकों की जानकारी दी। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि हमें आदर्श जिला बनाने का संकल्प लेना है। इसके लिए सभी प्रखण्ड कार्यालयों में सजेशन बॉक्स लगाए जायें। इसमें आमजन अपनी समस्याओं के साथ-साथ अपने सुझाव भी साझा कर सकते हैं। इससे ग्राम व्यवस्था को भी सशक्त किया जा सकेगा। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने का निर्देश दिया। राज्य में संचालित सांसद आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मूल रूप से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के बाद ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है। बैठक में मनरेगा आयुक्त ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के संबंध में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। मौके पर अवर सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई - गवर्नेंस विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं अन्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रांची में होली पर जमकर उड़े रंग गुलाल, युवाओं ने जमकर की मस्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में होली की खुमारी लोगों के सिर चढ़ कर बोल रही थी। चारों ओर उल्लास और उमंग था। होली की मस्ती हो और गीत-संगीत न हो, यह तो हो नहीं सकता। बुधवार को होली के रंग में रंगे युवाओं की यह मस्ती राजधानी रांची की सड़कों पर दिखी। पारंपरिक गीतों के साथ झूमते-नाचते लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई देते नजर आए।

रांची के हर क्षेत्र में युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर होली खेली। युवाओं की होली की मस्ती देख कर रास्ते से गुजर रहा हर एक शख्स को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में रंग लूटे.. से लेकर रंग बरसे.. के धुन पर युवा मस्ती करते नजर आए। रंग-गुलाल के साथ मस्ती में डूबे इन युवाओं ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी और सुखद जीवन की कामना की। राजधानी में होली खेलने की अलग परंपरा रही है. होटल से लेकर गली-मुहल्लों तक में होली खेली गई। कहीं पर टमाटर होली तो कहीं आपको भस्म होली तो कहीं रंगों के साथ होली तो कहीं महिलाओं की टोली मस्ती करती नजर आईं। जहां अलग-अलग टोलियों में लोग होली की मस्ती में डूबे रहे।

**बच्चों में दिखा गजब का उत्साह** : होली को लेकर बच्चों में गजब का उत्साह नजर आया। बच्चे सुबह से ही होली खेलते नजर आये। सड़कों के किनारे, मुहल्लों की गलियों में हाथों में पिचकारी लेकर लोगों को रंग लगाते नजर आये। वहीं राहगीरों पर घरों की बालकनी से रंग उड़ेल रहे थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कैलाइडोस्कोप-2023 प्रदर्शनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में वार्षिक कला और शिल्प प्रदर्शनी कैलाइडोस्कोप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा डिजाइन की गयी सुंदर और रचनात्मक सामग्री प्रदर्शित की गयी। डिस्पोजेबल ग्लास और प्लेट, प्लास्टिक की बोतलें आदि जैसे अपशिष्ट पदार्थों से बने उपयोगी लेख, छात्रों की कलात्मक प्रतिभा और उनके द्वारा किये गये प्रयासों को निर्देशित किया गया। लाइव आर्ट सेक्शन आकर्षण का केंद्र था, जहां स्कूल के नवोदित कलाकारों ने लाइव आर्ट का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कुछ बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही छात्रों ने तैयार किये गये प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अनुभवात्मक भ्रमण तथा क्लब एक्टिविटी के अपने अनुभवों को भी साझा किये। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आर्ट इंटिग्रेटेड लर्निंग के माध्यम से बच्चे किसी भी अवधारणा की बेहतर समझ हासिल करते हैं।

# राज्यपाल से एसबीयू के वीसी ने की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय में चल रहे सभी अकादमिक गतिविधियों से विस्तृत रूप में अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य नवीन कोर्स की स्वीकृति बारे में भी जानकारियां साझा की। बातचीत के क्रम में राज्यपाल ने कुलपति प्रो गोपाल पाठक को उत्तम शिक्षण माहौल बनाये रखने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। यह जानकारी सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार ने दी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पासवा ने महिलाओं को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुरुवार को झारखण्ड प्रदेश प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने महिलाओं को सम्मानित किया। पासवा ने संत गैब्रिएल एण्ड मोनिका स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में साहित्य के क्षेत्र में, डॉक्टर एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित कर उनके प्रति आदर व कृतज्ञता प्रकट किया एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। पासवा ने साहित्य के क्षेत्र में नंदा पांडे, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ सुषमा केरकेप्ता, डॉ किरण सुनीता तिर्की , विनीता कुमारी , डेजी मुस्कान , ममता सिन्हा, नुसरत जहाँ, आफरीन परवीन, होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सरोज लकड़ा, एसबीआई बैंक मैनेजर मोलिना विद्या मुण्डा , चिकित्सक क्षेत्र में डॉ राजश्री , सेवा कार्यों के लिए यमुना देवी सहित अन्य को सम्मानित किया गया। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा , आदर और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में महिला दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाते हैं। आलोक दूबे ने कहा कुछ विकृत मानसिकता आज भी महिलाओं का शोषण एवं अत्याचार करते हैं ऐसी मानसिकता को मिलकर हमें नष्ट करना है और जिस दिन इस संसार से अत्याचार बन्द होगा तभी हम महिलाओं को असली सम्मान प्राप्त होगा। पासवा प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा महिला हमारी समाज, परिवार के लिए अनमोल हैं,आज महिलाऐं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।कई ऐसे भी उदाहरण हैं कि जो महिलाएं कर सकती हैं वह पुरुष नहीं कर सकते हैं।आज भी हमारे समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव देखने को मिलता है जो ठीक नहीं है। पासवा रांची महानगर अध्यक्षा सह संत गैब्रिएल एण्ड मोनिका स्कूल की प्राचार्या डॉ सुषमा केरकेप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## खबर एक नजर में

### सर्ड कैंपस में श्री शतचंडी महायज्ञ के यज्ञशाला का निर्माण कार्य शुरू

**रांची।** रातू रोड स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के आवासीय कैंपस में आयोजित होनेवाले श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए यज्ञशाला का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस कैंपस में पहली बार भव्य श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 10 दिनी महायज्ञ का आयोजन 22 मार्च से 31 मार्च तक किया जा रहा महायज्ञ में कथा वाचन देश के महान श्रीमद् देवी भागवत कथा वाचक वृंदावन के श्री मनु जी महाराज द्वारा किया जायेगा। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष सुनील सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा सहित राजेश शाह,राधाकांत गिरी,लाल बाबू,अरुण कुमार,गणिता झा द्वारा आमंत्रण पत्र बांटने का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं, सहयोग राशि संग्रह के लिए भी जनसंपर्क अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। इस दौरान महायज्ञ आयोजन टीम विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी अजय कुमार सिंह से हरमू हाउसिंग कॉलोनी में मिलकर उन्हें आमंत्रण पत्र भेंटकर उन्हें आमंत्रित किया। अजय सिंह ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए महायज्ञ आयोजन में हर संभव मदद करने की भरोसा दिए। वहीं, सुनील सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि यज्ञ के सफल आयोजन में तन मन धन से सहयोग करें। इधर कुमुद झा ने बताया कि श्री शतचंडी महायज्ञ के यज्ञशाला का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने इस कार्य में ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ने का अनुरोध किया है। इसके लिए 6207862869 हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह

**रांची।** गुजराती महिला मंडल की ओर से गुजराती स्कूल के कैंपस में होली मिलन और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जोनल प्रमुख झरना परमार, रांची मिहिला मंडल प्रमुख मंगला राठौर, प्रमुख रीता राठौर, मंत्री हंसाबेन वाढेर, उप मंत्री बबीता वाढेर, कोषाध्यक्ष रीता परमार, कार्यवाहक दीपा चौहान उपस्थित थीं। रांची महिला मंडल ने महिला दिवस के अवसर पर दीपा चौहान, रीता परमार, पुष्पा चौहान, रीता चावड़ा, दीपिका वरु, भावना चौहान, नीता चौहान को सन्मानित किया गया। समाज की बहनों ने अच्छी संख्या में उपस्थित दर्ज कराई। सभी ने गुलाल लगाकर उत्सव को रंगीन बनाया। इस अवसर पर नारी शक्ति पर संवाद परिचर्चा का भी आयोजन किया गया।

### तमिलनाडु हिंसा पर झारखंड के एक शख्स ने किया था फर्जी वीडियो वायरल, गिरफ्तार

रांची। तमिलनाडु में हिंदी भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमले की वीडियो वायरल फर्जी निकला। फर्जी वीडियो मामले में चेन्नई पुलिस ने झारखंड के मनोज यादव को गिरफ्तार किया है। मनोज यादव मशहूर होने के लिए तमिलनाडु में प्रवासी कामगारों पर हमले की झूठी वीडियो बनाया था। वीडियो में दावा किया गया था कि स्थानीय लोगों ने दूसरे राज्यों के श्रमिकों के साथ मारपीट की है। गिरफ्तार मनोज तमिलनाडु के मराईमलाई नगर इलाके में रह रहा था। पुलिस जांच में पता चला कि मनोज यादव ने लोकप्रियता हासिल करने और प्रवासी श्रमिकों के बीच अशांति पैदा करने के लिए वीडियो बनाया था। पुलिस ने मनोज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तमिलनाडु पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि झारखंड का मनोज यादव और उनके मित्र तमिलनाडु के मराईमलाई नगर क्षेत्र में रहने वाले प्रवासी श्रमिक हैं। इन्होंने एक वीडियो बनाया जिसमें बताया कि तमिलनाडु के लोगों द्वारा उन्हें पीटा जाता है और कार्यस्थल पर भी उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आरोपितों ने तमिलनाडु सरकार और झारखंड सरकार से वीडियो के माध्यम से अपील की थी कि उन्हें अपने घर वापस लौटने में मदद की जाए। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने कहा कि राज्य में स्थिति शांतिपूर्ण है और डरे-सहमे प्रवासियों फिर से काम पर लौट गए हैं। उन्होंने मीडिया से जिम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर ऐसे किसी भी संदेश को नहीं फैलाने की अपील की।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोयला की खोज की गति को बढ़ावा देने के लिए सीएमपीडीआई में कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** कोयला मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में सीएमपीडीआई द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र शिलांग,मेघालय में (एनईआर) में कोयला की खोज की गति को बढ़ावा देने के लिए संसाधन आकलन के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस क्षेत्र के सतत विकास के लिए एनईआर की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने हेतु एनईआर में कोयला गवेषण की गति बढ़ाने, माइन प्रोजेक्शन और कोयले के व्यवस्थित उत्पादन के हेतु संभावित क्षेत्र की पहचान करने के लिए संसाधन आकलन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में सीएमपीडीआई ने एक प्रस्तुति के माध्यम से राज्य-वार कोयला धारक क्षेत्रों, गवेषण की स्थिति, पूर्व में सीएमपीडीआई और कोयला मंत्रालय द्वारा एनईआर में गवेषण को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों, एनईआर के लिए गवेषण हेतु अब तक की उपलब्धियों और रिजनल और डिटेल्ड कोल एक्सप्लोरेशन के लिए उपलब्ध अनुमानित निधि से अवगत कराया गया। एनईआर के कोयला क्षेत्र और कोयला संसाधन, एनईआर में कोयला गवेषण और चुनौतियां एवं कोयला संसाधन अनुमान पर संबंधित राज्य सरकारों, भूविज्ञान और खान निदेशालय के साथ राज्यवार चर्चा हुई। विभागीय संसाधनों या आउटसोर्सिंग के माध्यम से गवेषण करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के परियोजना सलाहकार आनंदजी प्रसाद, मेघालय सरकार के खान एवं भूविज्ञान सचिव ई. खरमाल्की (भा.प्र.से.) ने कार्यशाला को सम्बोधित किया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (गवेषण) अर्जुन हेम्ब्रम ने आगत अतिथि एवं प्रतिभागियों को स्वागत किया और मुख्य प्रबंधक (भूविज्ञान) राजीव कुमार सिंह ने एनईआर में कोयला धारक क्षेत्र, गवेषण स्थिति एवं कोयला संसाधन और मॉडल टेंडर दस्तावेज पर एक प्रस्तुति दी। वहीं 2023-24 और उसके बाद से कोयला मंत्रालय की सेंट्रल सेक्टर स्कीम (सीएसएस) निधि से उचित उपयोग और कोयला की खोज शुरू करने के लिए राज्य-वार एक रोडमैप तैयार किया गया है।

# 'चाशनी सिरियल' में जलवा बिखेर रही है रांची की सृष्टि सिंह

**रांची।** बचपन के ख्वाब को भी हकीकत में बदला जा सकता है। इसे साबित कर दिखाया है, बचपन से ही अभिनय के क्षेत्र में रूचि रखने वाली रांची की सृष्टि सिंह ने। मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाली सृष्टि सिंह ने अपने कॅरियर की शुरूआत बतौर केबिन क्रू कतर एयरलाइंस से की लेकिन अभिनय में जबरदस्त रूझान होने के कारण नौकरी से उनका मोह भंग हो गया। नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने अभिनय को अपना कॅरियर बनाने की ठानी। अंततः उन्हें अथक परिश्रम व संघर्ष के बाद सफलता भी प्राप्त हुई है। सृष्टि सिंह स्टार प्लस से प्रसारित चाशनी सीरियल में इन दिनों रोशनी के किरदार में नजर आ रही हैं। उनका अभिनय काफी आकर्षक और शानदार है। यह सीरियल स्टार प्लस पर प्रसारित हो रहा है। सृष्टि सिंह ने उसुर्लाइन कॉन्वेन्ट रांची से मैट्रिक की परीक्षा पास की है।

# सीसीएल का कोल मैराथन 26 मार्च को, विजेताओं को मिलेंगे 29 लाख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड के बैनर तले सीसीएल, रांची में 26 मार्च को कोल मैराथन का आयोजन हो रहा है। विभिन्न श्रेणी के विजेताओं को 29 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। सबसे अधिक 3 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस आयोजन में पुरुषों और महिलाओं के लिए दौड़ की 4 श्रेणियां हैं। इसमें कोई भी धावक भाग ले सकता है। मैराथन में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है।

### दौड़ की श्रेणी

पूर्ण मैराथन : 42.195 किमी, हाफ मैराथन : 21.098 किमी। इसके अलावा 10 किमी, 05 किमी का दौड़ शामिल है।

### ये है रजिस्ट्रेशन शुल्क

फुल मैराथन : 1000 रुपए, हाफ मैराथन : 750 रुपए, 10 किमी : 300 रुपए, 05 किमी : 100 रुपए है।

### पुरस्कार राशि का विवरण

फुल मैराथन- पहलाः 3 लाख, दूसरा- 2 लाख, तीसरा- 1 लाख, चौथा- 60 हजार, पाचवां- 40 हजार, छठवा- 30 हजार, सातवां- 20 हजार।

हाफ मैराथन- पहला-2 लाख, दूसरा-1 लाख , तीसरा- 50 हजार, चौथा- 40 हजार, पांचवा- 30 हजार, छठवा- 20 हजार, सातवां -10 हजार।

10 किमी दौड़-- पहला - 1 लाख, दूसरा- 70 हजार, तीसरा - 50 हजार, चौथा - 25 हजार, पांचवा- 20 हजार, छठवां - 10 हजार सातवां - 10 हजार।

# सब कुशल मंगल व रांची डायरीज की शूटिंग पर रांची आये थे सतीश कौशिक, निधन पर झारखंड के कलाकार मर्माहत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अभिनेता, निर्देशक, निमार्ता और स्क्रीन राइटर सतीश कौशिक का हार्ट अटैक से निधन हो गया। सतीश कौशिक 100 से अधिक फिल्मों में यागदार रोल कर चुके हैं। सतीश कौशिक ने फिल्म की शूटिंग के लिए रांची में आ चुके हैं। उन्होंने रांची में हिंदी फिल्म सब कुशल मंगल है में काम किया है। इस फिल्म की शूटिंग वर्ष 2019 में हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता और सांसद रवि किशन की बेटी रीवा किशन और अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के बेटे प्रियांक शर्मा ने काम किया है। इस फिल्म में उन्होंने प्रियांक शर्मा के पिता का रोल किया था।

**बहुत ही सुलझे और हंसमुख व्यक्ति थे सतीश कौशिकः रमन गुप्ता :** सतीश कौशिक के निधन पर झारखंड के कलाकारों ने शोक जताया है। अभिनेता रमन गुप्ता उनके साथ हिंदी फिल्म रांची डायरीज में काम कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि सतीश कौशिक बहुत ही सुलझे और हंसमुख व्यक्ति थे। उनके साथ लगभग 20 दिन साथ रहने का मौका मिला था। इस दौरान उन्हें अभिनय के बारे में जानकारी दी। रांची डायरीज में शूटिंग के दौरान बड़े बड़े कलाकारों के बीच काम करने में असहज महसूस कर रहा था, लेकिन सतीश कौशिक ने कहा कि धीरे से एक लंबी सांस लो और अपना पूरा डायलॉग बोल दो। उनकी बातों को सुनकर लगा कि इतने बड़े कलाकार हो कर भी वे छोटे कलाकारों को भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनका दिल बहुत बड़ा था। वे अपनी तकलीफ को हंस कर बता कर पास कर दिया करते थे। फिल्म के सेट पर हंसी मजाक कर पूरा माहौल को खुशनुमा बना देते थे। रमन गुप्ता ने कहा कि उनका अचानक जाना दुखदायी है। उनके साथ काम करने का अनुभव जीवन भर याद रहेगा। ऐसे इंसान को खोना दर्शकों के लिए बड़ा नुकसान है।

**मस्तौला और व्यवहारिक आदमी थे सतीशः रितेश :** लाइन प्रोड्यूसर रितेश गुप्ता ने बताया कि हिंदी फिल्म सब कुशल मंगल की शूटिंग रांची में हुई थी। इस दौरान वे 15 दिनों तक रांची में रहे। उन्हें रांची का मौसम बहुत पंसद आया था। वे एक मस्तौला और व्यवहारिक आदमी थे। किसी भी बातों को ऐसे तरीके से रखते थे कि लोग उनकी बातों से प्रभावित हो जाते थे। तनाव तो कभी उनके चेहरे पर दिखता ही नहीं था। छोटे कलाकारों से भी मिलजुल कर काम करते थे। उनके निधन से बॉलीवुड को बड़ा झटका है। पर्दे पर हमेशा हंसाने वाले सभी को रूला कर चल दिये।



## स्पेशल कटेगरी के बच्चों के लिए सीबीएसइ ने जारी की गाइडलाइन

# बोर्ड से मान्यता चाहने वाले मौजूदा स्कूल दिशा निर्देशों का करें पालन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पेशल कटेगरी के बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए सीबीएसई ने स्कूल के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। इसमें स्पेशल कटेगरी के बच्चों के लिए कवर रैंप, शौचालय, साइनेज और अन्य स्कूल सुविधाओं पर जोर देने का निर्देश दिया गया है। सीबीएसई ने अनुरोध किया है कि बोर्ड से मान्यता चाहने वाले मौजूदा स्कूल दिशा निदेशों का पालन करें। सीबीएसई की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि संबद्धता उपनियम 2018 में यह शामिल किया गया है कि स्कूल व्हीलचेयर उपयोगकताओं के लिए शौचालयों में रैंप और प्रवेश, निकास बिंदुओं और लिफ्ट में श्रवण संकेतों जैसी उचित सुविधाएं प्रदान करेगा।

**कई स्कूल नहीं करते हैं निदेशों का पालन :** सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम- 2016 में निर्धारित प्रावधानों के तहत लिफ्ट और अन्य संभावित ढांचागत सुविधाएं स्कूल प्रदान करेगा। निर्देश है कि स्कूल दिव्यांगों के लिए पुनर्वास अधिनियम 2016 के प्रावधानों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सामान्य स्कूल भी विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को शामिल करने को बढ़ावा देंगे। बोर्ड के अनुसार, स्कूल सीडब्ल्यूएसएन अवसंरचनात्मक सुविधाओं के प्रावधानों का पालन नहीं करते हैं। बोर्ड की टिप्पणियों के अनुसार, कुछ स्कूलों ने प्रवेश या निकास बिंदुओं या भूतल पर केवल रैंप का निर्माण किया गया है, जबकि प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और अन्य सह-पाठ्यचर्या गतिविधियां स्कूल भवनों के विभिन्न तलों पर स्थित हैं।

स्कूल भवन के सभी तलों पर रैंप या लिफ्ट की सुविधा न होने के कारण ये गतिविधियां विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए दुर्गम हैं। इसलिए सीबीएसई से मान्यता चाहने वाले सभी सीबीएसई-संबद्ध स्कूलों सलाह दी गयी है कि है कि वे सीडब्ल्यूएसएन निदेर्शों का पालन करें।

स्पीड न्यूज

## युवक की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

**रांची।** हजारीबाग शहर के राष्ट्रीय उच्च पथ स्थित मुकुंद गंज चौक पर गुरूवार को चार बाइक सवारों अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर 20 वर्षीय प्रिंस कुमार गिरी की हत्या कर दी। प्रिंस को छह गोली मारी गई है। घटनास्थल पर प्रिंस की मौत हो गई। फायरिंग में अन्य दो को भी गोली लगी है। वहीं एक आरोपी दीपक साहू को मौके से गिरफ्तार किया गया है। वह रामगढ़ का रहनेवाला है। वह खुद को गैंगस्टर बताता है।

## रातू : फिल्मी अंदाज में घर में घुस कर मारपीट

**रातू।** थाना क्षेत्र के झिरी स्थित आनंदनगर मुहल्ले में मंजीत सिंह समेत आठ-दस अन्य युवकों पर हाथ में हथियार लहराते हुये फिल्मी अंदाज में घर घुसकर मारपीट करने का आरोप अनील यादवए रामाश्रय यादवए शिबू यादव ने लगाया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह सात बजे मंजीत सिंह समेत करीब दस युवक बंदूक लहराते हुये अनिल यादव के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इसके दुसरे गली में रहने वाले रामाश्रय यादव, शिबू यादव के घर में घुस कर मारपीट कर फरार हो गया। घटना में तीनो के सिर में चोंटे आयी है। घायलो का ईलाज सीएचसी रातू में कराया गया। पुलिस इसकी जांच कर रही है। प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नहीं है।

## इटकी : मलटी गांव के होटल में चोरी

**इटकी।** इटकी के मलटी गांव में मंगलवार की रात गणेश महतो के होटल में चोरी हो गयी। चोर होटल का पिछला दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किये व वहां रखे करीब 10 हजार रुपये नगद सहित अन्य सामान चुरा ले गये। इस संबंध में थाना को सूचना दे दी गयी हैं।

## रातू: इस्कॉन सेंटर में गौर पूर्णिमा उत्सव

**रातू।** कमड़े स्थित इस्कॉन सेंटर में गौर पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कथा वाचक रामप्रिय प्रभु ने चैतन्य महाप्रभु की दिव्य लीला का वर्णन किया। कीर्तन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व गौर .निताई का महा-अभिषेक हुआ। मौके पर प्रबंधक भूपति गोविंद दास प्रभु, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, रामनिवास प्रभु, प्रणेश गौर हरि, विकाश प्रभु, मोहित प्रभु, निशि, पूजा व पूनम मौजूद थे।

## इटकी: शांतिपूर्वक होली का त्योहार संपन्न

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। होलिका दहन के साथ ही रंग व गुलाल से क्षेत्र के लोग सराबोर रहे। बुधवार को स्थानीय जगन्नाथ मंदिर परिसर में डोल जतरा का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में स्थापित भगवान राधा-कृष्ण सहित अन्य प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गयी व झूले पर झुलाया गया।

## मुर्गी अंडा और बत्तख की बिक्री पर पाबंदी लगाने की मांग

**अनगड़ा।** सांसद प्रतिनिधि एव बीसा के ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक ने बर्ड फ्लू को ध्यान मे रखते हुए अनगड़ा प्रखंड के बाजार हाट व आस के दुकानों में मुर्गी, बतख व अंडा के बिक्री पर पाबंदी लगाने की प्रशासन से मांग की है। श्री बड़ाईक ने बताया क्षेत्र में मुर्गियां बीमार पाए गए हैं। उन्होंने प्रशासन से बर्ड फ्लू को लेकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाए जाने की भी मांग की है। साथ हीं जब तक बीमारी दूर नहीं होती है तब तक क्षेत्र के सभी पॉल्ट्री फार्म आदि पर प्रशासन की ओर से विशेष निगरानी रखा जाए।

## सरहुल को लेकर सरना समिति की बैठक

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र डकरा में सरना समिति का बैठक किया गयाए बैठक की अध्यक्षता रँथु उराँव व संचालन लालचंद विश्वकर्मा ने कियाए बैठक में आगामी सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। सरहुल पूजा महोत्सव को मनाने को लेकर सर्वसम्मति से 2 अप्रैल को लेकर निर्णय लिया गया।

# विकास योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण: नवीन शाह

### केंद्रीय टीम ने सांसद आदर्श ग्राम मुरचू का किया दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव नवीन कुमार शाह ने गुरुवार को सांसद आदर्श ग्राम मुरचू का दौरा किया। उनके साथ विभाग की कार्यक्रम पदाधिकारी सरिता डुंगडुंग व सांसद संजय सेठ भी थे। उन्होंने विभिन्न योजना का जायजा लेते हुये ग्रामीणों से इसका लाभ उठाने की बात कही। इसके बाद श्री शाह ने प्रावि की मिड डे मील किचन, मनरेगा पार्क व नाडेफ का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में एक बच्ची अन्न प्रासन्न भी कराया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और डीडीसी दिनेश यादव व बीडीओ हरिशंकर बारिक को कई जरूरी निर्देश भी दिये। इससे पूर्व मुखिया अहिल्या कच्छप व सरपंच सलगी उरांव की अगुआई श्री सेठ समेत शाह और यादव का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। ईटीपीए फाउंडेशनए नई दिल्ली की टीम ने कचरा प्रबंधन पर राजस्थान से जुड़ी लघु कथा के जरिये लोगों को जागरूक बनाया। संचालन साक्षरता सचिव तैयब अंसारी ने किया।

### मार्गदर्शन से होगा लाभ

डीडीसी ने स्वागत भाषण में श्री शाह के मार्ग दर्शन में विकास योजना और कार्यक्रमों को और बेहत्तर बनाने तथा उसे गति देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके लिये श्री यादव ने विभागों के पदाधिकारी, अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों को मिल कर काम करने पर जोर दिया। ताकिए प्रखंड मॉडल के रूप में विकसित हो सके। इससे पूर्व श्री यादव ने गांव का भ्रमण कर में बने जलमीनार, पीएम आवास, पीसीसी पथ और पक्की नाली आदि की जानकारी ली।

### इन्होंने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनिल गुप्ता, बीटीएम मोहन प्रजापति, एई अनिल कुमार, मनरेगा बीपीओ मनीता कुमारी, 15वें वित्त को-आडिनेटर दीपिका हेंब्रम, पेयजल के कनीय अभियंता विजय कुमार सिंह, मनरेगा जेई अविनाश कुमार, 15वें वित्त के जेई सफीउल्लाह अंसारी, सोशल मोब्लाइजर काली साहू, बीआरसी की बीपीओ शालिनी आईंद, अल्बर्ट एंथोनी, संजय लिंडा, रोजगार सेवक नरेंद्र कुमार रज्जक, लाला उरांव, विजय महतो, मनोज गुप्ता, परमेश्वर गोप, ज्योति भगत, रीता भगत व जलेश्वर महतो आदि।

## चोरेया गांव में दो पक्षों में मारपीट

**चान्हो।** चोरेया गांव में गुरुवार को दो पक्ष के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। लगभग तीन घंटे तक बवाल होता रहा। मारपीट में आधा दर्जन लोगों को चोट भी लगी है जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि गांव के एक हरिजन लड़के का प्रेम प्रसंग दूसरी जाति के लड़की से चल रहा था। बताया जाता है कि लड़की के घरवालों ने बुधवार की रात में ही लड़के का मोबाइल और सिम तोड़कर फेंक दिया था। इसके बाद बात आई गई हो गई थी। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों के अनुसार लड़के ने गुरुवार को बाहर के कई गांवों से कुछ और लड़कों को अपने समर्थन में बुला लिया जिसके बाद बात बढ़ गई। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को उठाया भी है।

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत

### ओरमांझी में स्कूटी सवार को कंटेनर ने रौंदा, मौके पर मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** रांची-रामगढ़ पथ ओरमांझी में एक कंटेनर की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बिरसा चौक डोरंडा रांची के हीराकुंज कटहल कोचा निवासी तेजुआ उरांव का 46 वर्षीय बेटा अशोक बेक के रूप में हुई है। होली के दिन बुधवार को सुबह 10 बजे हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि अशोक बेक सुबह अपने घर से मोरबादी जाने के लिए निकला था, और ओरमांझी आ गया। टीवीएस स्कूटी जेएच 01इएल 2976 में सावार अशोक बेक थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर ओरमांझी के पास फोरलेन सड़क के दूसरे लाइन में चला गया। तभी रामगढ़ से रांची की ओर जा रही कंटेनर ट्रक एमएच 46बीबी-8589 से जा टकराया। दुर्घटना के बाद स्कूटी सहित सड़क पर गिरे युवक को कंटेनर ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भिड़ लग गई थी। वहीं सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस एनएचआई के एंबलेंस से शव का पोस्टर्माटम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं पुलिस द्वारा दुर्घटना से संबंधित कोइ पेपर नही दिए जाने से युवक का शव पोस्मार्टम के लिए उतराने से मना कर दिया गया। ओरमांझी थाना पुलिस के रिम्स पहुंचने पर लगभग एक घंटा बाद शव उतारा गया। इधर पुलिस द्वारा स्कूटी के साथ कंटेनर ट्रक को थाना में जब्त कर लिया गया।

### सुमो-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक घायल





**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर दिघिया मिशन के समीप गुरुवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे सूमो और बाइक में आमने.सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद सभी घायल सड़क पर पड़े थे। सूचना मिलते ही बेड़ो थाना पुलिस के थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता और स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंचे। सभी को आनन.फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दो युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में करांजी गांव निवासी 19 वर्षीय अमित तिर्की पिता महेंद्र उरांव व तुरिअम्बा भरनो गुमला निवासी 18 वर्षीय पिंटु उरांव पिता सोमनाथ उरांव है। वहीं करांजी गांव निवासी 22 वर्षीय मनोज तिर्की पिता गोविंदा तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया है। तीनों युवक बाइक से दिघिया गांव गए थे और वापस अपने घर करांजी आने के दौरान यह दुर्घटना घटी।

# मां-बाप की नाफरमानी से अल्लाह होते हैं नाराज

### इटकी: मदरसा दीनिया अरबिया में जलसा-ए-दस्तारबंदी



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी गुलाम टोली के मदरसा दीनिया अरबिया का सोमवार को छठा एक दिवसीय जलसा-ए-दस्तारबंदी सह इस्लाहे मुआशरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर 11 विद्यार्थियों को हाफिज-ए-कुरआन की उपाधि से नवाजा गया। कुरआन को कंठस्थ याद कर हाफिज की उपाधि पाने वालों में मो अनस, मो शाहनवाज, मो कुदरत, मो वसीम, मो इंतखाब, मो शादिक, मो सरफराज, मो सनाउल्लाह, मो निसार, मो मोशरर्फ और मो अल्तमश के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में हाफिज की उपाधी पाने वाले बच्चों की पगड़ी बांधी गई और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कारी शोएब अहमद द्वारा तिलावते कलाम पाक से हुई। मदरसा जामिया इस्लामिया अकल कुआं महाराष्ट्र के शैखुल हदीस मौलाना शेख रिज्वानुद्दीन ने जलसा को संबोधित करते हुए कहा कि हराम कमाई और हक तल्फी ही मुसलमानों का परेशानी का सबब है। हराम की कमाई से हज करना व मां-बाप की नाफरमानी से अल्लाह नाराज होता है। जिससे हमारी दुआ कबूल नहीं होती है। उन्होंने कहा कि मां-बाप की खिदमत के साथ साथ बहनए भाई और पड़ोसियों का हक अदा करना भी हज के बराबर सवाब है। उन्होंने कहा कि कुरआन के बताए मार्ग व मोहम्मद साहब के तरीके पर चलकर ही हम एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते है। कार्यक्रम को मुफ़्ती मो खुर्शीद और मुफ़्ती मो अनवर सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। शाबान दिल खैराबादी ने अपनी दिलकश आवाज में नात प्रस्तुत कर हजारों लोगों की वाहवाही लूटी। देर रात तक चले कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती हशमतुल्लाह और संचालन मुफ़्ती राशिद और मौलाना मनिरुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। देश दुनिया में अमन चैन, खुशहाली, आपसी भाईचारे व तरक्की की सामूहिक दुआ के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में निभाई अहम भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में मदरसा के मोहतमिम कारी अमीनउद्दीन, प्रिंसीपल कारी मो तय्यब इरफानी, जियाउल्लाह, मो अनवर, मो राशिद, मो अख्तर, सोहेब अहमद, हाफिज मो सरफराज, अनवारूल इस्लाम, मो अंसार नदवी, मो तबरेज, हाफिज मो शोएब अंजुम के अलावा जमाते ओलमा इटकी हल्का व अंजुमन इस्लामिया गुलाम टोली के सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## कामयाबी की शिखर पर चढ़ रही हैं महिलाएं: नेहा उरांव

**पिपरवार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोयलांचल स्थित कारो में नारी सशक्तिकरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्यआगंतुक अतिथियों का कार्यक्रम स्थल आगमन पर आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहेरा पंचायत मुखिया रेखा कुमारी एवं संचालन बालेश्वर उरांव एवं बबीता विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने कहा कि महिलाएं विश्व में अग्रसर होकर कामयाबी की शिखर चढ़ रही हैं।

# हाथियों ने रौंद डाली फसल सिंचाई मशीन किया क्षतिग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चरिमा गांव में तीन जंगली हाथियों ने मंगलवार की रात गंदुरा कुजुर, अजित गोप व रोपना उरांव के सिंचाई मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद गांव पांच किसानों के तैयार फसल गंदुरा कुजुरए अजित गोप रोपना उरांवए झरी उरांव के गेहू व पंकज कुजुर के गेहूंए मटर व बंधा गोभी के नर्सरी के खेतों में घुस कर खाया और रौंद कर फसलों को बर्बाद कर दिया। गांव के पंकज कुजुर का कहना है कि ग्रामीण हाथियों के आतंक से परेशान और भयभीत हैं। लेकिन प्रशासन और वन विभाग इनकी सुधि नहीं ले रहा है। गांव वालों की मानें तो हाथी ने गांव के पास के जंगलों में ही बसेरा बना लिया है और रात होते ही गांव के घरों व तैयार हो चुके फसल को निशाना और निवाला बनाते हैं। उन्होंने किसानों की नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा जल्द उपाय किया जाना चाहिए। जिससे क्षतिपूर्ति की भरपाई हो सके। ज्ञात हो कि प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गांवों में लगातार जंगली हाथी का उत्पात व उपद्रव जारी है। ग्रामीण इससे बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने हाथियों से निजात दिलाने की मांग की है।

# दो नाबालिग लड़के रिवाल्वर के साथ धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** पुलिस अधीक्षक रांची ग्रामीण को मिली गुप्त सूचना के तहत नरकोपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग लड़कों को गत छह मार्च को रात करीब सात बजे करकरी मोड़ के पास एक छह चक्रिय रिवाल्वर के साथ धर दबोचा। वहीं पूछताछ व तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक होंडा डियो स्कूटी व दो मोबाइल फोन बरामद किया है। उक्त जानकारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रांची नौशाद आलम ने गत सात मार्च को बेड़ो थाना परिसर में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उन्हें गत छह मार्च को रात करीब सात बजकर दस मिनट पर यह सूचना मिली कि नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी मोड़ के पास एक होंडा डियो स्कूटी पर सवार व हथियार से लैस तीन लड़के किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इसी सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु उनके निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। साथ ही त्वरित कार्रवाई के लिए जैसे ही यह टीम करकरी मोड़ के पास पहुंची। पुलिस की गाड़ी को आता हुआ देखकर ये तीनों लड़के भागने लगे। इसी दौरान सशस्त्र बल के जवानों ने खदेड़कर व दौड़ाकर दो लड़कों को धर दबोचा। वहीं एक लड़का अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। इधर तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके स्कूटी के डिक्की से एक छह चक्रिय रिवाल्वर और इनके पास से दो मोबाइल बरामद किया। वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर इनके द्वारा रिवाल्वर का कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

### आर्म्स एक्ट में दर्ज हुई प्राथमिकी

ग्रामीण एसपी ने बताया कि इनके विरुद्ध नरकोपी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर नरकोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों निरूद्ध बालकों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में डीएसपी रजत मणिक बाखला इंस्पेक्टर अरुण कुमारएबेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता नरकोपी थाना प्रभारी अभिजीत कुमार मौजूद थे।

# चोरेया में होली: घोड़े पर बैठ घर-घर घुमा दूल्हा

### गांव की अनोखी परंपरा का निर्वहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर/चान्हो।** मांडर व चान्हो प्रखंड क्षेत्र में होली का त्योहार धूमधाम व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गया। मौसम के बदलते मिजाज के बाद भी खासकर बच्चे और युवाओ में रंगों का त्योहार होली की जोश बरकरार रहा। सुबह ही से रंग और गुलाल की बारिश हर चौक चौराहों एवं गली मोहल्ले पर होती दिखायी दी। गिले शिकवे भूलकर सब एक दूसरे से जमकर होली खेले। इस दौरान दोनों क्षेत्र की पुलिस शांति बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रही। पूरे क्षेत्र में दिनभर गश्त लगाती रही। शाम में सभी एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। वहीं चोरेया गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घोड़ा बारात घुमाया गया। यह अनोखा परंपरा वर्षो से होता आ रहा है होली के दूसरे दिन युवाओं द्वारा घोड़े पर एक व्यक्ति को दूल्हा बनाकर बैठाया जाता है और बारात के सकल में गांव के हर एक घर दूल्हा को घुमाया जाता है। जहां उसे गाली एवं जूता चप्पल के हार से स्वागत किया जाता है। इस बीच रंग गुलाल से लोग एक दूसरे से सराबोर होते हैं और घोड़ा बरात का पूरे गांव लुत्फ उठाते हैं।

### सद्भाव का प्रतीक है होली का त्योहार

**रातू।** सिमलिया में मंगलवार को फगुआ उत्सव मनाया गया। झारखंड आंदोलनकारी स्व धनेश्वर भगत की स्मृति में आयोजित समारोह में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। यहां पारंपरिक एकता की झलक देखने को मिली। अबीर-गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी गयी। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत खास मेहमान थी। उन्होंने होली को सद्भाव का प्रतीक बताया। पद्मश्री मधु मंसुरी व विधायक नवीन जायसवाल ने समारोह का उद्घाटन किया। घंटों ठेठ नागपुरी गीत-संगीत और नृत्य का दौर चला। मधु मंसुरी, महावीर साहू, पवन राय, जगदीश बड़ाईक, इग्नेश कच्छप, आरती देवी, केशो देवी, फुलमनी देवी, युगेश महतो, दिलीप गोप, राजेश गोप, श्रवण गोप व संजीत गोप आदि कलाकारों ने गायन कला की छटा बिखेरी। दिल को छू लेने वाली फगुआ गीत पर लोग झुम उठे। संचालन श्याम सुंदर यादव ने किया।

## एक नजर में

### बुंडू: एपवा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बुंडू।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बुंडू प्रखंड स्थित हुमटा गांव में दर्जनो महिलाएं उपस्थित होकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अमर रहेए महिलाओं के ऊपर शोषण करना बंद करो, महिलाओं को बराबरी अधिकार देना होगाए डायन हत्या बंद करो, विधवा. वृद्धा पेंशन प्रतिमाह 5000 रु करो आदि नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा राज्य कमिटी सदस्य सिमैला देवी ने कहा कि महिलाओं को संगठित होकर आगे आने की जरूरत है तभी महिलाओं को बराबरी अधिकार मिलेगा। मौके पर सरला मुंडा, सोमबारी देवी, जयंती देवी, पार्वती देवी, गुलाबी देवी, विनोता देवी, मालती देवी, रेवती देवी, कल्पना कुमारी व आंचल कुमारी के अलावा दर्जन भर महिलाएं उपस्थित थीं।

### रातू: सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मनी होली

**रातू।** प्रखंड में बुधवार को रंगों का त्योहार होली पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी। चारों ओर रंग ही रंग देखने को मिला। हर वर्ग के लोग रंग में सराबोर नजर आये। मुस्लिम समुदाय ने भी होली खेली और साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल कायम किये। उन्होंने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की मुबारक वाद दी। इसके बाद लोगों ने लजीज पकवान का स्वाद भी चखा। त्योहार को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इसकी कमान थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली। छिटपुट घटना को छोड़कर क्षेत्र में शांति बनी रही। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### सरहुल से पूर्व सरना स्थल की सफाई की मांग

**पिठोरिया।** सरना डहर बरटोली मदनपुर के अध्यक्ष सधन उरांव की अध्यक्षता में सरना स्थल में बैठक हुई। जिसमें सरहुल पर्व को पारंपरिक रुप से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पहान रघुनाथ उरांवए सचिव महावीर उरांव व कोषाध्यक्ष बिनोद उरांव ने राज्य सरकार से मांग की है कि झारखंड का सबसे बड़ा पर्व सरहुल को लेकर राज्य सरकार पुरे प्रदेश के सभी सरना स्थल की सफाई व रंगरोगन का व्यवस्था कराए। वहीं 24 मार्च को शोभायात्रा के दिन सरना मैदानों में पेयजल की सुविधा मिले।

### हेसल और अनगड़ा पंचायत की मुखिया सम्मानित



**अनगड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छह मार्च सोमवार को सीटीआई प्रशिक्षण केंद्र हेहल रांची मे अनगड़ा प्रखंड के हेसल पंचायत की मुखिया कविता देवी तथा अनगड़ा पंचायत की मुखिया सीमा देवी को अपने अपने पंचायत क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इन दोनों मुखिया को पंचायती राज निदेशक निशा उरांव तथा उप निदेशक वीरेंद्र चौबे द्वारा शॉल ओढ़ा कर तथा फूल लगा गमला एव पंचायती राज से संबंधित पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

### बेड़ो के जरिया पुरानाडीह गांव में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आज से



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया पुरानाडीह में ग्रामवासियों के सौजन्य से आज से से पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं देवी मंडप प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। जहां शुक्रवार को परंपरागत नाच गानएढोलए डाकए नगाड़ाएरणभेरी व महावीरी झंडा के साथ मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो इटकी के गड़गांव स्थित बिरगोड़ा नदी पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना के बाद जलकलश लेकर श्रद्धालुओं का जत्था पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर एक धार्मिक समारोह में बदल जाएगा। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा।

### राहे में 6 योजनाओं का किया गया शिलान्यास



**राहे।** प्रखंड के पुरानानगर, बरवाडीह, लबुटोला, दोकाद, बासाहातू ओर दुलमी गांव में लाख से 6 योजनाओं का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किये। पुरानानगर, बरवाडीह- लबुटोला गांव में जिला योजना अनाबद्ध निधि से 9 लाख ओर 14 लाख 53 हजार लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। दोकाद गांव और बासाहातू गांव में 5 लाख विधायक निधि गाड़वाल, सीढ़ी ओर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। सभा में विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जा रहा है। पूर्वी क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी का पानी पाइप के माध्यम से घर तक पहुँचाने का काम अंतिम चरण में है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम चल रहे हैं।

### आदिवासी छात्र संघ ने करमचंद भगत की पुण्यतिथि मनाई, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बेड़ो।** करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के परिसर में कॉलेज के संस्थापक व पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय करमचंद भगत का बुधवार को आदिवासी छात्र संघ के द्वारा पुण्यतिथि मनाया गया। जहां छात्र-छात्राओं व शिक्षक ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दिया। मौके इंटर के शिक्षक बिरसा उरांव ने कहा कि इस क्षेत्र के महान समाजसेवी राजनीतिज्ञ एवं शिक्षाविद रहे करमचंद भगत ने राज्य के गरीब छात्र.छात्राओं के भविष्य के लिए प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तथा बेड़ो क्षेत्र में महाविद्यालय का स्थापना किया था। मौके पर मांडर कॉलेज आदिवासी छात्र संघ के पूर्व सचिव संदीप उरांव, पूर्व अध्यक्ष अनिल उरांवए संतोष उरांवए अमित उरांव अजीत बाड़ा, अंकित उरांव महादेव उरांव सहित कॉलेज छात्र मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चैलेंजर परिवार का होली मिलन समारोह



**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा स्थित गौरी शंकर मैरिज हॉल में टीम चैलेंजर के योद्धाओं के सामूहिक प्रयास से होली मिलन समारोह किया गया। जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी जी व भावी सांसद प्रत्याशी धनंजय पासवान जी ने फीता काट कर किया। मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि चैलेंजर परिवार जो डालटनगंज शहर में निस्वार्थ भाव से काम कर रही उसकी जितनी प्रशंशा की जाए कम है। ऐसा संगठन शहर के लिए वरदान है। वही पासवान ने कहा कि चैलेंजर टीम सराहनीय कार्य कर रही है। कलाकार टीम के मुखिया राजदीप ब्यास व उनकी टीम ने पूरे कार्यक्रम में गीत संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अमित तिवारी, मार्गदर्शक प्रवीण सिंह, संस्थापक कौटिल्य द्विवेदी, अध्यक्ष पवन गंगा, उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक दुबे,गोपाल त्रिपाठी, थाना प्रभारी विक्रम सिंह, आशीष तिवारी, रंजन दुबे, आशीष मिश्रा, मधुकर शुक्ला, धीरज मिश्रा, अभिषेक तिवारी( चिंटू), विकास पाठक, चंदन पांडेय, लड्डू खान, छोटू तिवारी,राजू तिवारी, बंटी दुबे, अनुज पांडेय, अशोक तिवारी, विक्रमजीत सिंह, संजय राजन, अभिषेक तिवारी, सत्यानंद सिंह, नवीन तिवारी, अनुज तिवारी, शशिकांत तिवारी व दर्जनो युवा शामिल थे।

### झारा सहयोगी शिक्षक संघ ने वित्त मंत्री से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव जी से मिला। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी, संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता, गढ़वा जिला अध्यक्ष सुर्य देव तिवारी एवं पलामू जिला महासचिव मो इमामुद्दीन अंसारी ने मंत्री से कहा कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी हमलोग के पारित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। आपके पास फाईल चला गया है या चला जाएगा। प्रस्ताव में अनुकंपा, इपिएफ, पेंशन, सेवा निवृत्त होने पर या सेवा काल में मृत्यु पर 500000 रुपए वर्णित है। इस पर आप तत्काल अपनी स्वीकृति देने की कृपा करेंगे। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सहायक अध्यापकों पर विशेष ध्यान दी है। जैसे एक मुस्त 7000 रु मानदेय में वृद्धि। इस तरह की वृद्धि अभी तक कोई सरकार नहीं की है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सीएम के वादा के अनुसार वेतनमान नहीं मिला। कहा कि सीएम से हमारी मांगों को रखकर मनवाने का कार्य करें।

### परशुराम सेना कांकेकला में मंदिर निर्माण में करेगा सहयोग



**पाटन पलामू।** किशुनपुर के ग्राम कांकेकला में हो रहे माता रानी के मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सहयोग करेगी। गुरुवार को युवा वाहिनी का प्रतिनिधि मंडल कांकेकला में निमार्णाधीन मंदिर का भ्रमण करने पहुंची। युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय) के नेतृत्व में गई युवा वाहिनी के द्वारा आश्वस्त किया गया कि युवा वाहिनी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक सहयोग के लिए तैयार रहेगी। इसके पूर्व कांकेकला मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का भव्य स्वागत किया। कांकेकला में निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी,अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी,पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिलाध्यक्ष विकास दूबे व उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी शामिल थे। मौके पर लल्लू पाण, महेन्द्र पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, हरिनंदन पाण्डेय, बाबू पाण्डेय, उमाकांत पाण्डेय, बैकुंठ पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, नवल पाण्डेय, उदयनाथ पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, मनोज पाण्डेय समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो बाईक की टक्कर में 4 युवक घायल



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के मेन रोड स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप बुधवार को दो बाईक की टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बाईक पर सवार बिहार के एरका निवासी आदित्य कुमार, प्रदीप कुमार, संडा निवासी राजु पासवान तथा हरिहरगंज बांध पर गुलजार नट शामिल है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार, एएसआई संजय सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही अन्य लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को रेफर कर दिया गया।

### पूर्व विधायक सच्चिदानंद त्रिपाठी की पुण्य तिथि आज



**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सच्चिदानंद त्रिपाठी का 36 वा पुण्यतिथि 10 मार्च को अधिवक्ता संघ भवन में मनाया जाएगा। इसकी जानकारी स्वर्गीय सच्चिदानंद त्रिपाठी के नाती व वरिष्ठ अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व विशिष्ट अतिथि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा होंगे। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा के विधायक रहे। अधिवक्ता के रूप में 1950 में प्रैक्टिस ज्वाइन की। वे फौजदारी मामले के जाने-माने अधिवक्ता थे। संयुक्त बिहार में विद्वान अधिवक्ता में उनका नाम था। उन्होंने बताया कि वे मूलतः सदर प्रखंड के रजवाडीह के निवासी थे।

### आग लगने से खेत में लगे अरहर जलकर खाक



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के तेतरिया गांव के गिद्दी टोला अंतर्गत लालगड़ा में मंगलवार को अचानक आग लग जाने से 20 बीघा खेत में लगे अरहर की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। अगलगी की सूचना पर गांवों के किसान खेत पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए। तब तक अरहर की फसल जलकर राख हो गई। इसकी जानकारी देते हुए राजद के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि अरहर में अचानक आग लग गई। जिसमें घुरेंद्र भुईयां, उदित भुईयां, धर्मेंद्र भुइया, भिखारी भुइया, प्रवेश भुईयां, अरुणजय भुईया, अजय भुइया, चनर भुइयां, कृष्णा भुईयां, पहलवान भुईयां, सुरेश भुईयां, जितेंद्र भुईयां, दिनेश भुईयां की अरहर की फसल धू-धू कर जलकर राख गई। राजद प्रखंड अध्यक्ष ने सरकार से किसानों के जले फसल की मुआवजा देने की मांग की है।

## सतबरवा में भाजपा विधायक ने गाया फाग, खूब बजाया करताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



>> शशिभूषण मेहता ने कहा कि होली अनेकता में एकता का पवित्र त्योहार है

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के गांवों में होली के पवित्र त्यौहार पर पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने झाल करताल बजाकर लोक गायक के द्वारा गाए गीतों पर झूमते नजर आए। बुधवार को होली के अवसर पर धावाडीह गांव में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने गायक दिनेश मोहक के गाए होली गीतों पर जमकर झूमे और अपने सहयोगी के साथ झाल करताल बजाकर होली का खुब आनंद उठाया। वही दूसरी ओर सेरंगदाग गांव में मंगलवार को यादव महासभा के द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि होली अनेकता में एकता का पवित्र त्यौहार है। मौके पर उदित मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, मुखिया रिंकी यादव, संदीप यादव, अशोक यादव, यादव महासभा के आयोजन समिति अध्यक्ष बनौधी यादव, संदीप यादव, धर्मेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में लोगों ने होली के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल थे।

होली मिलन समारोह के के दौरान कई लोगों ने दूसरी पार्टी से भाजपा का दामन थामा जिन्हें विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने माला पहनाकर भाजपा में शामिल किया।

### पदमा में होली मिलन समारोह का आयोजन



**मनातू पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड मनातु के ग्राम पदमा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रामदास साहू शामिल थे। मौके पर विधायक ने कहा कि होली उमंग, एकता व भाईचारा का प्रतीक है। मौके पर रामदास साहु ने होली मिलन कार्यक्रम में होली त्यौहार को लेकर सभी को रंग आबीर लगाकर शुभकामना दी।

## भाजपा सतबरवा मंडल इकाई ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में मंगलवार को धावाडीह मंदिर परिसर में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता और भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने किया। मौके पर व्यास सुरेंद्र पाठक और उनके टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक होली के गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर लवली गुप्ता ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ताओं को मान सम्मान के साथ प्रतिष्ठा मिलती है। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों से रंगों का त्योहार होली मिलजुल कर भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। वहीं प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ है। आज पूरे देश में कार्यकर्ताओं के बदौलत भाजपा अग्रणी पार्टी बनी है। मौके पर भाजपा अजजा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, अनूप गुप्ता, लाला प्रसाद यादव, ओम प्रकाश दुबे, अशोक यादव, अनुज चंद्रवंशी, तरहसी के सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, दिनेश तिवारी, आलोक पांडेय, अशोक साहू, चंचल यादव, मनोज भुईयां, समाजिक कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## आइजी, डीसी, एसपी ने लिया होली का आनंद

## जिले समेत ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मना होली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राग व रंगों का त्योहार होली जिले भर में हर्षोल्लास के साथ बुधवार को मनायी गई। दिन भर बच्चे, बुढ़े व जवान होली के रंग में सराबोर रहे। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी उमंग व उल्लास के बीच होली मनायी गयी। होली के गीतों से पूरा क्षेत्र होलीमय हो गया। इधर पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त ए दोड्डे, डीडीसी रवि आनंद, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, सुरजीत कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, सदर सीओ जेके मिश्रा समेत पुलिस व जिला प्रशासन के कई पदाधिकारियों, जवानों, राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने जमकर होली खेले। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इधर होली गीतों पर लोग थिरकते नजर आये। कहीं पारंपरिक होली तो कहीं कुर्ताफाड़ होली। कहीं चैता व फगुआ पर झूमते युवा होली के उमंग में नजर आये। पलामूवासी रंगों में सराबोर हो गये। शहर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी जमकर होली खेली गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बुजूर्ग पारंपरिक रूप से भजन कीर्तन करते और होली के गीत में मस्ती करते दिखे। वहीं युवाओं की टोली कुर्ताफाड़ होली के साथ भरपूर आनंद उठाया। जिले के पाटन, पंडवा, छतरपुर, हरिहरगंज, लेस्लीगंज, चैनपुर, हैदरनगर, मनातू, तरहसी, हरिहरगंज, नौडीहा, पीपरा, छतरपुर, पांडू, पांकी, सतबरवा, नावा बाजार, विश्रामपुर के अलावे सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्रों मे होली की विशेष धूम रही। जगह-जगह पर होली की हुड़दंग से पूरा वातावरण होली के रंग में सराबोर हो गया था।

### मनायी गयी होलिका दहन

अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतिक पर्व होली की पूर्व संध्या पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने होलिका दहन कर बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया व गांव की सुख व समृद्धि की कामना की। होलिका दहन में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। लोग घर से प्रसाद भी होलिका दहन में डाले।

### छतरपुर में मनायी गयी होली

छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली आपसी प्रेम व भाईचारगी के साथ शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामीण इलाके में होली व चैता कार्यक्रम में कलाकारों ने लोगों को रिझाया। दिन भर युवा, बच्चे समेत सभी ने लोगों को रंग अबीर लगाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर पुलिस द्वारा गश्त अभियान भी चलाया गया।

## एसडीपीओ आवास पर होली मिलन समारोह, असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है होली : पूज्य प्रकाश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद एसडीपीओ आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने की। मौके पर अनुमंडल थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के अलाव कई सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य लोग और मीडिया कर्मी मौजूद थे। मौके पर पहंचे लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लागकर कर होली पर्व की बधाई दी। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने होली पर्व के महत्व को रखते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली मुख्य रूप से सत्य की विजय और असत्य की हार को प्रदर्शित करता है। मौके पर बसपा नेता शेर अली, एनसीपी नेता चंदन कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष उषा देवी, समाजसेवी ऐजाज हुसैन, उर्फ छेदी खान, समाजसेवी अश्विन कुमार सिंह, धर्मेंद कुमार सिंह, मंटू कुमार सिंह, टुन्ना सिंह, प्रगतिशील पत्रकार मंच के नौशाद, संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल, गौतम पटेल, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, अखिलेश पासवान, के अलावा हुसैनाबाद थाना, हैदरनगर, मोहम्मदगंज देवरी ओपी, दंगवार ओपी, कामगारपुर पिकेट प्रभारी के अलावा कई लोग शामिल थे।

## पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनाई गयी होली पर्व



**पाटन पलामू। पाटन प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने सुबह से ही होली के उमंग में सराबोर हो गये तथा दीनभर होली का जश्न मनाते रहे जो देर रात तक चलता रहा। लोग एक दूसरे से मिलकर अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामना दी। आपस में प्रेम व भाईचारा का संदेश दिया। इधर होली में बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं ने जमकर होली खेला। होली पर्व को देखते हुए पाटन किशुनपुर नावा पुलिस ने भी अपने दल बल के साथ अपने अपने क्षेत्रों में गश्त करते देखी गई। होली गीतों पर युवा थिरकते नजर आये।**

## सभी प्रखण्डों में शांतिपूर्ण मनी होली व सबे ए बारात





**हुसैनाबाद पलामू।** पूरे अनुमण्डल क्षेत्र के सभी प्रखण्डों में होली और सबे ए बरात शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस बार हाल ही महाशिवरात्रि से पूर्व पलामू जिला के पांकी की घटना और होली एवं सबे ए बरात दोनो समूदायों का त्यौहार एक ही साथ थी जिसको लेकर जिला प्रशासन से लेकर अनुमण्डल प्रखण्ड स्तर तक कही पर विधि व्यवस्था भंग ना इसको लेकर प्रसासनिक टीम पूरी तरह हाईअलर्ट मूड में थी। हुसैनाबाद में अनुमण्डल पदाधिकारी ने दो दिनों पूर्व से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित कर सभी चौक चैराहों पर दंडा धिकारी प्रतिनियुक्त कर दिए थे। वही तीनो प्रखण्डों के अंचलाधिकारी खुद निगरानी करते नजर आए। वही अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों ने पूर्व से सभी वैसे स्थल व सार्वजनिक चौक पर प्रयाप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

**एसडीओ आवास में मनी होली :** हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने अपने आवास परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां एसडीओ ने एसडीपीओ सहित गणमान्य लोगों को अबिर लगाकर मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र हर वर्ष की भांति इस वर्ष शांति व सौहार्द के साथ होली का त्योहार संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि होली पर्व को संपन्न कराने के लिए अनुमंडल क्षेत्र के सभी बाजारों में दंडाधिकारी के साथ साथ पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। जिसे सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ दंडाधिकारी के सहयोग से शांति पूर्ण व्यवस्था में होली पर्व को संपन्न कराया इसके लिए मैं सभी अनुमंडल वासियों को होली की मुबारकबाद देता हूं।

### आपसी उमंग व भाईचारा का पर्व है होली : मनोज



**मेदिनीनगर।** पंम्पूकल के समीप मंगल मैरज हॉल के परिसर में मंगल मैरज हॉल के द्वारा सोमवार की दोपहर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने फीता काट कर किया। इस मौके पर भावी मेयर प्रत्याशी व पूर्व नप उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि होली पर्व में जो संदेश छिपा है, उसे हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। होली प्रेम, भाईचारा और उल्लास का पर्व है। मौके पर मंगल मैरज हॉल के मालिक रोहित पाण्डेय, सिन्टू सिंह, रजनीश सिंह, मिनी सिंह, संदीप सोनी, लड्डू सिंह, गोपाल त्रिपाठी, दिनेश सिंह, राहुल सिंह, अनूप सिंह, उत्तम सिंह, माखो राम, गोरख तिवारी, कोमल कुमार अंकू,कृष्णा, विकी, पारस विश्वकर्मा, बंटू तिवारी, पिंकू तिवारी, मनीष सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थें।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के रजडेरवा गांव में बारी मोड़ के समीप रांची-मेदिनीनगर मुख्यमार्ग पर बीते बुधवार की रात्रि में करीब आठ बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि 2 नाबालिग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को स्थानीय ग्रामीण तथा पुलिस की मदद से नवजीवन अस्पताल तुंबागडा में भर्ती कराया गया जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि में नौशाद अंसारी (20 वर्ष) पिता रफीक अंसारी, दीपक कुमार (14 वर्ष) जो अपने नाना सुंदर चौधरी के घर रहता है, पंकज कुमार (14 वर्ष) पिता सुखदेव चौधरी तीनों ग्राम सेहरा एक ही मोटरसाइकिल पर बैठकर सतबरवा से लहलहे गांव की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण असंतुलित होकर मोटरसाइकिल बारी मोड़ के समीप महुआ के पेड़ से टकरा गई जिसमें नौसाद अंसारी की मौत घटनास्थल पर हो गई।

## फुटपाथ दुकानदार संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** फुटपाथ दुकानदार संघ ने बाजार प्रांगण में मनाया गया होली मिलन समारोह। कार्यक्रम का उदघाटन लाल फीते में सफेद फीते की गांठ बांध कर किया गया ताकि समाज में सौहाद्र की गांठ मजबूती से बंधी रहे। कार्यक्रम में मोहन जायसवाल, सुभाष मिश्रा, युवा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव रितेश चन्द्रा, स्टार क्लब के अध्यक्ष मोनू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, पलामू के सुप्रसिद्ध व्यास विपिन बिहारी पाठक, भोला व्यास भयंकर, राहुल सिन्हा, धर्मेंद्र उजाला, शत्रुध्न कुमार पत्रकारों में रिंकू सिंह, असगर हुसैन, अश्विनी कुमार, मीतल सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंचम कुमार, सुरेंद्र गुप्ता, चन्दन कुमार, निखिल सिन्हा, यमुना कुमार यादव को भी इस मौके पर माल्यार्पण कर एक चांदी का पेन दे कर सम्मानित किया गया। व्यासों ने अपने होली के गीतों से महफिल में समां बांध दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष गौतम कुमार ने और कार्यक्रम का संचालन संघ के संरक्षक सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया। संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि शहर में पानी की भीषण समस्या है लोग त्राहिमाम कर रहे हैं।

ऐसे में नगर पंचायत को इस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए।

## हरिहरगंज होली के अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित



**हरिहरगंज पलामू।** होली के पर्व को लेकर जहां जगह-जगह कार्यक्रमों की धूम रही। वहीं नगर पंचायत के पिपरघाट स्थित मां भारती क्लब के युवाओं द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि होली का पर्व एक पवित्र त्योहार है। इस दिन लोग आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। इस मौके पर वार्ड सदस्य आकाश कुमार, मुकेश मेहता, डॉ मनोज कुमार, बबलू कुमार, उदय वर्मा, सुनील कुमार, शेरू लाल, सोनू मेहता, सुदर्शन मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### मुकेश अग्रवाल बनें शाहपुर जेनरल के अध्यक्ष

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी उमेश जायसवाल ने की। बैठक के दौरान पिछले वर्ष के पूजा के दौरान हुए आय ब्यय एवं इस वर्ष पूजा हर्षोल्लास एवं शांति वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठकके दौरान शाहपुर एवं आसपास के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से मुकेश अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष बनाया गया है। वही दीपक जायसवाल, सोनू जायसवाल, पंकज जायसवाल, शशि जायसवाल, सुनील गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मनोज जायसवाल को सचिव पिंटू जायसवाल को उपसचिव एवं कोषाध्यक्ष लाल बाबू,रंजीत चंद्रवंशी को प्रधानकैप्टन लवलेश प्रजापति, दिनेश पासवान, राजेंद्र पासवान को महामंत्री गणेश प्रसाद जायसवाल, सत्यजीत जायसवाल को संगठन मंत्री अनिल रवि को मंत्री छोटे लाल चौधरी, मुन्ना सोनी, विश्वजीत जायसवाल,राकेश जायसवाल, जयप्रकाश गुप्ता, जय प्रकाश सोनी, पंकज जायसवाल, कुलदीप विश्वकर्मा, बबन गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, अनिल जायसवाल, बैजनाथ प्रसाद, विनोद जायसवाल एवं मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र जायसवाल कैप्टन अभय पासवान को बनाया गया है। वही संरक्षक उमेश प्रसाद जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, राजेंद्र मिश्रा, रामजी प्रसाद जायसवाल, संजय जायसवाल,धीरज प्रसाद जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार त्रिपुरारी जायसवाल, पप्पू जायसवाल जय मंगल, मुकेश जायसवाल लड्डू, बेचन जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, शेखर सिंह पत्रकार, बबलू अग्रवाल, प्रेम शंकर जायसवाल, मोनू जायसवाल, भोला पांडे को बनाया गया है।

## पर्यावरणविद ने तमिलनाडु के नीलगिरी पर्वत पर पौधारोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दुनिया को दिया प्रकृति बचाने का संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वृक्षों पर रक्षाबंधन करते कौशल किशोर जायसवाल, पुनम व अन्य।

**मेदिनीनगर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिलेऔर नीलगिरी के ऐतिहासिक पर्वतों ऊटी, पैनीफौल, तोरोपली, गुडलुर एवं बंदी पुरम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के प्रदेश सचिव अंजू बंसल, तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम व सचिव सनी कच्छ, आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दुनियां को पर्वत और प्रकृति बचाने का संदेश दिया।

वहीं दक्षिण भारत के 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होली से एक दिन पहले किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म को अपनाने की अपील की।

कई स्थानों के ऐतिहासिक नीलगिरी पर्वत पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में चंद्रशेखर, अंजू बंसल, नानगलाहुचन, अविन, सेलवाकवि, धनंजय कुमार, ध्वनियां, शांतनु कुमार, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

## विधायक पर लगाया गया आरोप हास्यास्पद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के समर्थकों ने भाजयुमो के एक नेता के द्वारा लगाए गए आरोप को हास्यास्पद और निराधार बताया है। मनिका विधानसभा क्षेत्र के सतबरवा प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता सच्चिदानंद बैठा और सुरेश राम ने कहा है कि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह दलित विरोधी नहीं बल्कि हितैषी है। कांग्रेस समर्थित गठबंधन की सरकार दलितों के लिए कार्य कर रही है जो भाजपाइयों को पच नहीं रहा है। कांग्रेस विधायक ने 16 हजार से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी को मात दी थी जिसमें दलित वोटरों का वोट भी शामिल है। वही लोगों ने कहा कि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह काम करने में विश्वास रखते हैं। कई बड़ी-बड़ी विकास योजनाएं क्षेत्र में चल रही है। बताया गया कि भाजयुमो के छोटू राजा ने विधायक पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा था कि सतबरवा के बकोरिया भलुवही में मनिका प्रखंड के दुंदु गांव के आवास मित्र अशोक राम की मौत के बाद विधायक ने संज्ञान तक नहीं लिया। वर्तमान विधायक दलित विरोधी है। वहीं कांग्रेसी कार्यकताओं ने दावा किया कि माननीय विधायक मृतक के परिजनों के साथ है। मालूम हो कि अशोक राम के शव के साथ मनिका में सड़क जाम के दौरान भाजयुमो नेता ने विधायक पर आरोप लगाया था। बताया गया कि अशोक के शव पर राजनीति करना स्वच्छ राजनीति के लिए ठीक बात नहीं है। कांग्रेस अंबेडकर जी के विचारधारा पर चलती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, पांडू राम, रंजीत राम, पिंटू अंसारी, नाजिम मियां, हामिद अंसारी, अरुण साहू मौजूद थे।

# डोडा में सेना ने 100 फुट ऊंचाई पर फहराया तिरंगा

**एजेंसी**

**डोडा ।** भारतीय सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय डोडा जिले में 100 फुट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रयास को उन अनगिनत सैनिकों को उचित श्रद्धांजलि करार दिया, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

चिनाब घाटी क्षेत्र में सेना द्वारा इतनी ऊंचाई पर फहराया गया यह दूसरा राष्ट्रीय ध्वज है। यह क्षेत्र एक दशक से पहले तक कभी आतंकवाद का गढ़ हुआ करता था। पिछले साल जुलाई में, पास के किश्तवाड़ शहर में भी 100 फुट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया था। सेना के डेल्टा फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अजय कुमार ने डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में सबसे झंडा फहराया।

**शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को भी किया गया सम्मानित**

उनके साथ राष्ट्रीय राइफल्स के सेक्टर-नौ के कमांडर ब्रिगेडियर समीर के पलांडे, डोडा के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल कयूम मौजूद थे। मेजर जनरल कुमार ने राष्ट्र की सेवा में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया और नागरिक समाज के उन सदस्यों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

जीओसी ने कहा कि सबसे ऊंचा ध्वज चिनाब घाटी क्षेत्र के उन अनगिनत सैनिकों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि डोडा में अपनी तरह का पहला, 100 फुट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज न केवल सेना के लिए, बल्कि इस पर्वतीय जिले के सभी निवासियों के लिए गर्व का क्षण है। मेजर जनरल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज को दूर से देखा जा सकता है और यह हर नागरिक को देश के लिए गर्व महसूस कराएगा। इस कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में जुटे स्थानीय लोगों, विशेष रूप से छात्रों और वीर नारियों, ने सेना के प्रति आभार व्यक्त किया।



# अब इडी ने सिसोदिया को किया गिरफ्तार

## शराब घोटाला : जवाब देने में टालमटोल कर रहे थे दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ईडी ने मनीष सिसोदिया को आठ घंटे की पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया है । ईडी ने पहले उनसे 100 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत के संबंध में पूछताछ की थी, जो आप पार्टी/नेताओं को साउथ ग्रुप से कथित रूप से हवाला चैनल से प्राप्त हुई थी। जांच एजेंसी ने उनसे हैदराबाद के व्यवसायी अरुण पिल्लई और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता के साथ संबंध के बारे में भी पूछताछ की थी। सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और बाद में राउज एवेन्यू जिला अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी जमानत याचिका पर 10 मार्च को सुनवाई होगी। ईड ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितता से संबंधित धन शोधन के आरोपों को लेकर गुरुवार को आप के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि 51 वर्षीय नेता को पीएमएलए के तहत तिहाड़ जेल में दूसरे दौर की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया जवाब में टालमटोल कर रहे थे और जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे।

**क्या है मामला:** दिल्ली में वर्ष 2021-22 के लिए बनाई गई और अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को तैयार करने और इसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 26 फरवरी को गिरफ्तार किये जाने के बाद सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने सिसोदिया से पहले दौर की पूछताछ सात मार्च को थी।



## सुकमा : नक्सलियों से मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान घायल

**भारी मात्रा में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में करीब आधा दर्जन नक्सली गोली लगने के कारण घायल हो गए। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि सुकमा के किस्टाराम थाना क्षेत्र के सकलेर गांव के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हुए हैं।

शर्मा के मुताबिक, डब्बामरका शिविर से सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए गुरुवार सुबह छह बजे के आसपास सकलेर गांव की तरफ रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सुबह सात बजे के आसपास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। शर्मा के अनुसार, मुठभेड़ लगभग 45 मिनट तक चली और सुरक्षाबलों की जबरदस्त जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली घने जंगल में भाग निकले।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली, तब वहां से भारी मात्रा में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। शर्मा के मुताबिक, इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के निरीक्षक मुनेश कुमार मीणा और आरक्षक अमित मोड़क को मामूली चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान कुछ नक्सलियों को गोली लगी, जिसके बाद वे जंगल की ओर भाग गए। शर्मा के अनुसार, इलाके में तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के वापस लौटने के बाद मुठभेड़ के संबंध में अधिक जानकारी मिल सकेगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था



**अमृतसर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। मुर्मू पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के साथ स्वर्ण मंदिर पहुंचीं, वहां मत्था टेका और कीर्तन सुना। उन्होंने वहां कड़ाह प्रसाद भी ग्रहण किया। राष्ट्रपति बनने के बाद अमृतसर की उनकी यह पहली यात्रा है। मत्था टेकने के बाद वह लंगर हॉल में गईं तथा वहां उस हिस्से को देखने पहुंचीं जहां बर्तन धोए जाते हैं। बाद में, वह स्वर्ण मंदिर के सूचना केंद्र गईं, जहां उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें सिखों की धार्मिक पुस्तकें, स्वर्ण मंदिर की एक प्रतिकृति और कुछ ऊनी शॉल भी भेंट की गईं।**

# नेपाल के राष्ट्रपति होंगे रामचंद्र पौडेल

**नेपाली कांग्रेस के प्रत्याशी को संसद के 214 सदस्यों और विधानसभाओं के 352 सदस्यों ने दिया वोट**

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार रामचंद्र पौडेल गुरुवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में विजयी घोषित किए गए हैं और वह देश के तीसरे राष्ट्रपति होंगे। पौडेल आठ दलों के गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार थे जिनमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- माओइस्ट सेंटर (सीपीएन- माओइस्ट सेंटर) शामिल है। पौडेल को संसद के 214 सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों का समर्थन मिला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने ट्वीट किया कि राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर मेरे मित्र रामचंद्र पौडेल को हृदय से बधाई। राष्ट्रपति चुनाव में कुल 882 मतदाता हैं जिनमें 332 सदस्य संसद के हैं जबकि 550 सदस्य सात प्रांतीय विधानसभाओं के हैं। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता शालीग्राम ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव में प्रांतीय विधानसभाओं के 518 सदस्यों और संसद के 313 सदस्यों ने हिस्सा लिया। वर्ष 2008 में देश को गणतंत्र घोषित किए जाने के बाद यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव है।



# सतीश कौशिक का निधन, एक कैलेंडर का चेप्टर बंद

- **अभिनेता, निर्देशक सतीश कौशिक के निधन पर पीएम, शाह समेत फिल्मी हस्तियों ने जताया शोक**
- ***कैलेंडर* नामक एक रसोइये का किरदार आज भी यादगार**

**मुंबई।** अपने चार दशक लंबे करियर में थिएटर, सिनेमा, टीवी और ओटीटी मंच पर अभिनय, निर्देशन, लेखक और बतौर निर्माता अपनी छाप मशहूर अभिनेता एवं फिल्मकार सतीश कौशिक का बृहस्पतिवार को तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। फिल्म मिस्टर इंडिया में कौशिक ने कैलेंडर नामक एक रसोइये का किरदार निभाया था जो आज भी लोकप्रिय है।

कौशिक के निधन पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित फिल्म जगत की अनेक हस्तियों ने शोक जताया है।

कौशिक ने अपने चार दशक लंबे करियर में थिएटर, सिनेमा, टीवी और ओटीटी मंच पर अभिनय, निर्देशन, लेखक और बतौर निमार्ता अपनी छाप छोड़ी। उनके करीबी दोस्त एवं अभिनेता अनुपम खेर ने बताया कि कौशिक दिल्ली में अपने एक दोस्त के घर पर थे, जब उन्होंने बेचैनी होने की शिकायत की। खेर ने बताया कि उन्होंने अपने वाहन चालक से उन्हें अस्पताल ले जाने को कहा। देर रात करीब एक बजे उन्हें (अस्पताल जाते समय) रास्ते में ही दिल का दौरा पड़ा। अभिनेता का पोस्टमार्टम दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में किया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रूप की रानी चोरों का राजा से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले कौशिक ने हम आपके दिल में रहते हैं, हमारा दिल आपके पास है, बधाई हो बधाई, तेरे नाम और मुझे कुछ कहना है जैसी कई फिल्मों का निर्देशन किया। उनके परिवार में पत्नी और बेटी है। कौशिक नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) और फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र थे। उनके असामयिक निधन से फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक व्याप्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि प्रख्यात फिल्मी हस्ती सतीश कौशिक के असामयिक निधन से दुखी हूं। वह एक रचनात्मक प्रतिभा थे, जिन्होंने अपने अद्भुत अभिनय और निर्देशन की बदौलत सभी का दिल जीता। उनकी रचनाएं दर्शकों का मनोरंजन करती रहेंगी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। शाह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कौशिक के भारतीय सिनेमा में योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। खेर ने ट्विटर पर भी कौशिक के निधन की खबर साझा की थी। उन्होंने ट्वीट किया था कि मुझे पता है कि मृत्यु अंतिम सत्य है, लेकिन मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे अपने सबसे अच्छे दोस्त सतीश कौशिक के बारे में ऐसा लिखना होगा। 45 साल की दोस्ती पर अचानक पूर्ण विराम लग गया। तुम्हारे बिना जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा सतीश। ओम शांति। हरियाणा में जन्मे और दिल्ली के करोल बाग में पले-बढ़े कौशिक ने हमेशा अभिनेता बनने का सपना देखा था। उन्हें जाने भी दो यारों, राम-लखन, बड़े मियां छोटे मियां, मिस्टर इंडिया, दीवाना मस्ताना, हसीना मान जाएगी, भारत, छलांग, उड़ता पंजाब जैसी फिल्मों में निभाए उनके किरदारों के लिए जमकर सराहना मिली।

कौशिक ने 1983 में आई फिल्म जाने भी दो यारो के संवाद लिखे और पंकज त्रिपाठी अभिनीत कागज (2021) की कहानी भी लिखी थी।



## स्पीड न्यूज

### लाहौर में इमरान व अन्य के खिलाफ हत्या मामला दर्ज

**लाहौर।** लाहौर पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान और उनकी पार्टी के 400 अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ हत्या तथा आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह मामला पार्टी की रैली के दौरान पुलिस के साथ कार्यकताओं के टकराव में एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के जख्मी होने के सिलसिले में दर्ज किया गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नीत गठबंधन की सरकार ने अपने 11 महीने के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री खान के खिलाफ यह 80वां मामला दर्ज कराया है। खान के आवास के बाहर जमा पीटीआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस की बुधवार को की गई कथित कार्रवाई में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। खान समर्थकों को उनके आवास से न्यायपालिका के समर्थन में रैली निकालनी थी।

### भाजपा के पूर्व सांसद पोटाई का निधन

**कांकेर।** भाजपा के पूर्व सांसद और छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सोहन पोटाई का गुरुवार को निधन हो गया। गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और पोटाई के करीबी अकबर राम कोर्राम ने बताया कि 65 वर्षीय पोटाई पिछले छह-सात महीनों से गले से संबंधित बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने राजधानी रायपुर से लगभग 150 किलोमीटर दूर कांकेर शहर स्थित अपने निवास में सुबह करीब 10 बजे अंतिम सांस ली।

### प्रख्यात अधिवक्ता पाल का निधन

**कोलकाता।** प्रख्यात अधिवक्ता समरादित्य पाल का गुरुवार को सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। उनके परिवार में उनकी पत्नी रूमा पाल हैं, जो उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश हैं।

### खैबर पख्तूनख्वा में छह आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर खैबर पख्तूनख्वा सूबे में शुरू किए गए अभियान के दौरान वांछित छह आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया इकाई ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान की सीमा से लगते कबायली उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल इलाके में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना के मुताबिक जिन आतंकवादियों को मार गिराया गया है उनको कानून प्रवर्तन एजेंसियां विभिन्न आतंकवादी घटनाओं के सिलसिले में तलाश कर रही थीं।

### आतिशी बनी शिक्षामंत्री भारद्वाज को मिला हेल्थ

**नयी दिल्ली।** आप विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी को उप राज्यपाल वी. के.सक्सेना ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में मंत्री पद की शपथ दिलाई। आतिशी को शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा और पर्यटन विभाग का कार्यभार दिया जाएगा जबकि भारद्वाज स्वास्थ्य, शहरी विकास, जल और उद्योग विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में दो पद खाली हुए थे।

### रिलायंस ने कैंपा कोला को नए अंदाज में किया पेश

**नयी दिल्ली।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने बृहस्पतिवार को देश के 50 साल पुराने प्रतिष्ठित पेय ब्रांड कैंपा कोला को फिर से पेश करने की घोषणा की। आरसीपीएल अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी है और रोजमर्रा के उपभोग वाली वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाती है।

## वाणिज्य की खबरें

### गर्मियों में नहीं हो बिजली कटौती पहले से उठाएं कदमः आर के सिंह

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिजली कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि गर्मियों के मौसम में बिजली कटौती नहीं की जाए। उसने सभी हितधारकों से बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कदम उठाने को भी कहा। केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह ने सात मार्च को विद्युत, कोयला एवं रेलवे मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की थी, जिसमें आने वाले मौसम में बिजली की अधिक मांग को पूरा करने समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। विद्युत मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि विद्युत मंत्री ने बिजली कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि गर्मियों के मौसम में बिजली कटौती नहीं की जाए। उन्होंने सभी हितधारकों से स्थिति पर करीब से नजर रखने और आने वाले महीनों में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पहले से कदम उठाने को भी कहा है। उन्होंने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) से विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को कोयले के आवंटन के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था बनाने को भी कहा। प्राधिकरण का अनुमान है कि इस वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग अप्रैल में 229 गीगावॉट रह सकती है।

### मर्सिडीज बेंज के विभिन्न मॉडलों की कीमत 12 लाख तक बढ़ेगी

**नयी दिल्ली।** कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज ने विभिन्न कार मॉडलों की कीमतों में दो से 12 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी की है। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कीमतें एक अप्रैल से प्रभावी होंगी। कंपनी तीन महीनों में दूसरी बार अपने वाहनों की कीमतें बढ़ा रही है। कंपनी ने कहा कि उसके वाहनों की शोरूम कीमतों में एक अप्रैल, 2023 से पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी यूरो की विनिमय दर पर नजर रखे हुए है और पिछले कुछ महीनों में रुपया इसकी तुलना में कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में एक यूरो लगभग 78-79 रुपये का था, जो अब 87 रुपये है। इससे दबाव बढ़ रहा है और अगर हम ऐसा कदम नहीं उठाते हैं तो भारत में हमारा व्यापार प्रभावित होगा। ऐसे में अप्रैल से कंपनी की ए-क्लास लिमोजिन की कीमत दो लाख रुपये तक बढ़ जाएगी और जीएलए एसयूवी के एस 350डी लिमोजिन की कीमत सात लाख रुपये बढ़ेगी। मर्सिडीज मेबैक एस 580 के दाम 12 लाख रुपये बढ़ जाएंगे।

### तीन दिन की तेजी के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 540 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट हुई और बीएसई सेंसेक्स लगभग 540 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली के दबाव से बाजार नुकसान में रहे। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशों में प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले रुपये में कमजोरी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स तीन दिन की बढ़त के बाद मजबूती के साथ खुला, लेकिन दिन के कारोबार में भारी बिकवाली के चलते 541.81 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,806.28 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी 164.80 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 17,589.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.31 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

### सेबी बकायेदारों की संपत्ति के बारे में सूचना देने वाले को देगा 20 लाख

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार नियामक सेबी ने बकायेदारों की संपत्तियों की जानकारी देने वाले मुखबिरों को 20 लाख रुपये तक का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम दो चरणों- अंतरिम और अंतिम में दिया जा सकता है। अंतरिम इनाम संपत्ति की कीमत का ढाई प्रतिशत या पांच लाख रुपये (जो भी कम हो) और अंतिम इनाम वसूले गए बकाया के 10 प्रतिशत तक या 20 लाख रुपये (जो भी कम हो) होगा। सेबी ने वसूली प्रक्रिया के अंतर्गत बकायेदार की संपत्तियों के बारे में पक्की खबर देने वाले मुखबिर को इनाम देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। सेबी ने कहा, मुखबिर द्वारा दी गई संपत्ति की सूचना या पहचान और उसे दी गई इनाम राशि को गोपनीय रखा जाएगा। सेबी के अनुसार, कोई मुखबिर इनाम देने के योग्य तभी माना जाएगा, जब वह बकायेदार की संपत्ति के बारे में वास्तविक सूचना देगा।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com